दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 95 | जयपुर | शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

मौसम जयपुर

23.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

बाजार शेयर बाजार

सेंसेंक्स 78,058.16
-213.12 (0.27%)

निफ्टी 23,603.35
-92.95 (0.39%)

सर्राफा सोना/चांदी

सोना 87,310 /10g

चांदी 99,500 /Kg

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका से भारतीयों की बेदखली पहली बार नहीं : एस. जयशंकर

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से अवैध भारतीय अप्रवासियों की वापसी के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को संसद में जवाब दिया। जयशंकर ने राज्यसभा में कहा, यदि कोई नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहा है तो उसे वापस (स्वदेश) बुलाना सभी देशों का दायित्व है। विदेश मंत्री ने बताया, अमेरिका से भारतीयों का डिपोर्टेशन पहली बार नहीं हुआ है। यह 2009 से हो रहा है। पिछले 16 सालों में अमेरिका से 15,652 भारतीयों को वापस भेजा गया है। सबसे ज्यादा 2019 में 2042 लोगों को भारत डिपोर्ट किया गया। हम कभी भी अवैध मूवमेंट के पक्ष में नहीं हैं। इससे किसी भी देश की सुरक्षा में खतरा पैदा हो सकता है। अमेरिका ने 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को एक दिन पहले 5 फरवरी को भारत भेजा है। इन्हें यूएस मिलिट्री के सी-17 प्लेन से पंजाब के अमृतसर भेजा गया।

बढ़ता TOON!

जयपुर में भीषण सड़क हादसा

8 दोस्तों की दर्दनाक मौत

टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर; महाकुंभ जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर के दूदू में टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा में गुरुवार दोपहर करीब 3:45 बजे हुआ।

एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया- जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। बस डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई। उसके अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे।

महाकुंभ जा रहे थे कार सवार

हादसे में दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, सुरेश रेगर पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदनलाल मेवाड़ा, किशनलाल पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण लाल बैरवा निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी इलाके के रहने वाले सभी लोग भीलवाड़ा से महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शी बोला- टायर फटने से डिवाइडर को पार कर गई बस

प्रत्यक्षदर्शी ईसाक खान और प्रहलाद ने बताया कि जयपुर की तरफ से जोधपुर डिपो की बस आ रही थी। बस का ड्राइवर साइड का आगे वाला टायर फट गया, जिससे बस डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई। कार में फंसे शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

सुबह घर से निकले थे, 3 दिन बाद लौटने वाले थे

बड़लियास गांव के पूर्व सरपंच प्रकाश रेगर ने बताया- सभी युवक दोस्त थे। गुरुवार सुबह 10:30 बजे बड़लियास (भीलवाड़ा) से प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले थे। सभी तीन दिन बाद गांव लौटने वाले थे। बबलू मेवाड़ा मांडलगढ़ रेलवे दूरसंचार विभाग में पोस्टेड था। उसके बड़े भाई की कुछ समय पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बबलू की तीन बेटियां हैं। नारायण बैरवा किराने की दुकान पर काम करता था। परिवार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है।

नारायण के दो बेटियां हैं। किशनलाल के पिता जानकीलाल की किराना की दुकान है। किशन के एक बेटा और एक बेटी है। दिनेश रेगर की मोबाइल शॉप है। दिनेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे के बारे में परिवार के लोगों को नहीं बताया गया है। परिवार के साथ गांव के कुछ लोग शव लेने के लिए जयपुर के लिए रवाना हो गए हैं। शुक्रवार दोपहर तक सभी के शव गांव पहुंचेंगे। प्रकाश रेगर ने बताया कि हमारे गांव से पांच लोग थे। हमारी मांग है कि सरकार प्रत्येक मृतक परिवार को 21 लाख रुपए और सरकारी नौकरी दे, तभी अंतिम संस्कार किया जाएगा

राज्यसभा में मोदी की 92 मिनट की स्पीच

हमारा एजेंडा नेशन फर्स्ट : मोदी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। उनकी 92 मिनट की स्पीच सरकार के सबका साथ-सबका विकास पर फोकस रही। इसके जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने अपने भाषण में बाबा साहेब अंबेडकर, आरक्षण, यूसीसी, आदिवासी, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, नारीशक्ति और इमरजेंसी का जिक्र किया। कांग्रेस और विपक्ष को घेरने के लिए कविताएं पढ़ीं। भाषण के बीच में कहा, माननीय खड़गे जी आपके सामने शेर सुनाते रहते हैं और सभापति जी, आप भी बड़ा मजा लेते रहते हैं। पीएम ने कहा कि 1970 में जब चारों ओर कांग्रेस ही कांग्रेस का राज चलता था तब फिर गोपाल दास नीरज की एक और कविता फिर दीप जलेगा.. प्रकाशित हुई थी। उन्होंने कहा-

मेरे देश उदास न हो, फिर दीप जलेगा,
तिमिर ढलेगा-इसके बाद पीएम ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज से 40 साल पहले अटलजी ने कहा था कि सूरज निकलेगा, अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला देश बन गया है। पहले हम ज्यादातर फोन बाहर से मंगाते थे। अब हमारी पहचान मोबाइल एक्सपोर्ट के रूप में बनी है।

आज हमारा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है। पिछले दस वर्षों में खिलौनों, वैक्सीन, दवाओं, आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात में बड़ा इजाफा हुआ है। खादी और ग्राम उद्योग का टर्नओवर डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है।

> "कांग्रेस का मॉडल फैमिली फर्स्ट, सत्ता सुख के लिए लोकतंत्र को कुचला"

अब पूरी दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति को पहचान रही

शाही परिवार के आर्थिक कुप्रबंधन के लिए पूरे समाज को दोषी ठहराया गया और पूरी दुनिया में बदनाम किया गया। भारत के लोगों के स्वभाव में लाइसेंस की अवधारणा नहीं थी, हम खुले व्यापार में विश्वास करते थे। हम उन पहले देशों में थे जो स्वतंत्र रूप से व्यापार करते थे। भारत के व्यापारी सदियों पहले ही दुनिया भर में व्यापार के लिए जाते थे। आज जब पूरी दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति को पहचान रही है और भारत की विकास दर देख रही है, तो हर भारतीय को इस पर गर्व है।

स्कूटर खरीदने-बेचने के लिए सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी

यहां कांग्रेस के एक सांसद हैं। उनके पिता जी के पास खुद के पैसे थे और वे कार खरीदना चाहते थे, लेकिन उन्हें 15 साल इंतजार करना पड़ा। स्कूटर खरीदने के लिए भी 8-10 साल इंतजार करना पड़ता था और बेचने के लिए सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी। गैस सिलेंडर के लिए मध्य प्रदेश में पर्ची दी जाती थी। टेलीफोन कनेक्शन के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी।इन सभी पाबंदियों और लाइसेंस राज की नीतियों ने भारत को दुनिया की आर्थिक विकास दर में पीछे धकेल दिया।

कांग्रेस के कार्यकाल में हर चीज के लिए लाइसेंस लेना पड़ता था

मकान बनाने के लिए सीमेंट चाहिए तो परमीशन लेना पड़ता था। शाही विवाह में चीनी के लिए भी लाइसेंस लेना पढ़ता था। हर चीज के लिए लाइसेंस लेना पड़ता था। ये आजाद भारत की बात हो रही है। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री, जो खुद को बहुत ज्ञानी मानते हैं। उन्होंने माना था कि लाइसेंस परमिट के बिना कोई काम नहीं होता था। उन्होंने यह भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं मिलता था। ये कौन पंजा था, ये पैसा कहां जाता था, ये देश का नौजवान भली भांति समझ सकता है। आज के नौजवानों को जानना बहुत जरूरी है कि उनके मां-बाप को मुसीबतों से जिंदगी क्यों गुजारनी पड़ी। अगर बीते दशक में डिजिटल इंडिया के लिए हम प्रोक्टिव नहीं होते, तो आज जैसी सुविधाओं के लिए हमें कई साल इंतजार करना पड़ता।

एमपी के शिवपुरी में एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश

खेत में गिरते ही मिराज-2000 में आग लगी; दोनों पायलट हादसे से पहले कूदे

बढ़ता राजस्थान

शिवपुरी/ग्वालियर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का टू सीटर फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 2.40 बजे हुआ। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट (बचकर निकले) कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एयरफोर्स की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची। विमान में पायलट विक्रांत जाधव और विंग कमांडर विराज भोला सवार थे।

महाकुंभ में पाकिस्तान से पहली बार आए 68 हिंदू, मेले में जबरदस्त भीड़

अखाड़ों में श्रद्धालुओं की एंट्री रोकी, स्कूल 12 तक बंद

बढ़ता राजस्थान

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रयागराज महाकुंभ का गुरुवार को 25वां दिन था। पाकिस्तान के सिंध से 68 हिंदू पहली बार महाकुंभ आए हैं। इस ग्रुप में डॉक्टर, इंजीनियर और कारोबारी शामिल हैं।

मेला क्षेत्र के सेक्टर-9 में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में तीन दिन रहेंगे। आज, शुक्रवार को संगम में स्नान करेंगे। कई वीवीआईपी महाकुंभ आए हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक, भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद, हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने संगम में डुबकी लगाई। सैनी पूरे परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे थे। बोट की सवारी भी की। मेले में एक बार फिर भीड़ बढ़ गई है। दोपहर होते-होते संगम जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं से भर गए। अब आसपास के जिले और प्रयागराज शहर के लोग परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचने लगे हैं। संगम में नावों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। मेले के आसपास जो भी पार्किंग बनाई गई है, वह सभी भर गईं। सारी गाड़ियों को वापस किया जा रहा है, इसकी वजह से हर तरफ लंबा जाम लग गया है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

जिला कलक्टर श्री यादव ने किया फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का अवलोकन

शत प्रतिशत किसानों का डिजिटल आईडी बना करें योजना से लाभान्वित : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

बालोतरा, (कैलाश गोस्वामी)। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने गुरुवार को चाड़ो की ढाणी एवं भीमगोड़ा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जिला कलक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील करते हुए बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है।

कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी। जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में निर्धारित तिथियों को प्रात: 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण कर किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने चाड़ो की ढाणी स्थित निर्माणाधीन कन्या महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कन्या महाविद्यालय के संचालन से स्थानीय बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाविद्यालय निर्माण के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के इसी क्रम में उन्होंने पायलाकला दुर्घटना स्थल का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना के संभावित कारणों का पता करें, साथ ही ऐसी दुर्घटना दुबारा ना हो, समुचित व्यवस्थाएं करें। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, तहसीलदार ओम अमृत समेत प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी साथ रहे।

शाहपुरा के स्काउट गाइड ने तमिलनाडु में फहराया परचम

बढ़ता राजस्थान

शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संग सचिव उर्मिला पराशर ने बताया कि डायमंड जुबली जम्बूरी जो की 28 से 3 फ़रवरी को त्रिची तमिलनाडु में आयोजित हुईं। जिसमे शाहपुरा के स्काउट गाइड ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शाहपुरा का नाम गोरवान्वित किया।

ज़िला कार्यक्रम प्रभारी नवनीत सिंह राणावत के अनुसार भारत वर्ष में स्काउट गाइड संगठन को चलते हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन तमिलनाडु में किया गया जिसमे भारत वर्ष और अन्य देशों से 14600 स्काउट गाइड ने भाग लिया जिसमे शाहपुरा के स्काउट गाइड के प्रतिनिधित्व से राजस्थान को स्काउट और गाइड में स्टेट चीफ़ कमिश्नर शील्ड प्राप्त की। शाहपुरा का टेंट और डेकोरेशन पूरी जम्बूरी में आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमे अतिथि गृह, रसोई घर के माँड़ने देखकर सभी जिसे विदेसी महमानों, अधिकारियो, आम नागरिक द्वारा बहुत प्रशंसा मिली। स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने भी टेंट का निरीक्षण कर काफ़ी प्रशंसा ज़ाहिर की। साथ ही फूड प्लाजा में ढाई इंच गुलाब जामुन व राबड़ी की भी सभी ने बहुत सराहना की। कैम्प क्राफ़्ट, फड़ पेंटिंग, कागज की लुगदी के समान और नक़ली गहने बनाने ,झांकी प्रदर्शन जैसी प्रतियोगिताओं में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत, राज्य सचिव पी.सी. जैन ने तमिलनाडु में चैंपियन शिप प्राप्त की उकत स्काउट गाइड ने नवनीत सिंह राणावत और उर्मिला पाराशर के निर्देशन में कठोर परिश्रम कर शाहपुरा का नाम संपूर्ण देश में गोरवान्वित किया। स्काउट में दुर्गा लाल, योगेश क़हार, शिवम् सिंह, अर्जुन नायक, किशन तेली, विनोद गुर्जर, आयुष धाकड़, युवराज तेली तथा गाइड में राधा कहार, वंदना नायक, राजनंदिनी सिंह, राधिका कहार, समिलित है। शाहपुरा पहुँचने पर मण्डल संस्था प्रधान प्रतिनिधि रामेश्वर लाल धाकड़, प्रभारी सहायक ज़िला कमिश्नर गाइड रीता धोबी, समाज सेवी विनोद पाराशर, रश्मि व्यास ने ढोल नगाड़ो और माला पहनाकर रामद्वारा के यहाँ भव्य स्वागत किया।

शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 36 वे दिन भी अनवरत जारी

जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान

शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)। दिनांक 6-2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह राणावत एवं शहर अध्यक्ष भगवत सिंह राणावत के नेतृत्व में शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में सैकड़ो की संख्या में क्षत्रिय राजपूत समाज के समाजजन प्रताप सिंह राजपाल सिंह भोपाल सिंह नटवर सिंह दीपेंद्र सिंह विजेंद्र पाल सिंह किशोर वर्धन सिंह आदित्य वर्धन सिंह विक्रम सिंह सुरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह राणावत चावंड सिंह शक्तावत क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुर जिले को बहाल करने का ज्ञापन दिया। क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्ता अनिल शर्मा नमन ओझा पन्नालाल खारोल योगेंद्र सिंह भाटी मोहम्मद शरीफ अंकित मालू संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलंकी पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर अविनाश शर्मा सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। क्षत्रिय राजपूत समाज के गोवर्धन सिंह राणावत भगत सिंह राणावत सुरेंद्र सिंह चावंड सिंह शक्तावत ईशु बना नरेंद्र सिंह एवं संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया। संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अधिकृताओं ने 2 जनवरी से निरंतर न्यायालय में न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रखा है। सामाजिक संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा हैं गुरुवार को मेवाड़ा कलाल समाज शाहपुरा के समाज जनों ने पवन बसेर के नेतृत्व में महिलाओं सहित धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा को लिखित समर्थन पत्र सौंप कर सहयोग देने का आश्वासन दिया। कायमखानी मुस्लिम समाज शाहपुरा ने जिला बचाओ संघर्ष समिति को आर्थिक सहयोग धरना स्थल पर पहुंच कर दिया और संघर्ष समिति के सदस्यों का स्वागत किया। 7 फरवरी को खारोल समाज के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे। संयोजक राम प्रसाद जाट ने बताया कि 8 फरवरी को संपूर्ण शाहपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 7.30 बजे शाम कैंडल मार्च निकाला जाएगा और 9 फरवरी को शाहपुरा शहर में शाम 7.30 बजे बालाजी की छतरी से रामद्वारा तक कैंडल मार्च और मसाल रैली निकाली जाएगी।

अभिभाषाक संस्था शाहपुरा कि साधारण सभा की बैठक मैं लिए महत्वपूर्ण निर्णय : अभिभाषक संस्था शाहपुरा की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में आहूत की गई। संस्था सचिव वीरेंद्र पत्रया ने बताया कि नए सदस्यों को सदस्यता देने तथा अधिवक्ता चैंबर्स के रखरखाव एवं संस्था के बैनर तले चल रहे जिला बचाओ आंदोलन के बारे में चर्चा की गई। सर्व समिति से नए सदस्यों के आवेदन आगामी बैठक में रखना एवं अधिवक्ता चैंबर्स के रखरखाव की जिम्मेदारी संस्था सह सचिव कमलेश मुंडेतिया को दी गई तथा जिला बचाओ आंदोलन को अनवरत चलने का निर्णय लिया गया और 28 फरवरी को ब्लैक डे पर शाहपुरा बंद रखने का निर्णय लिया गया।

हार्टफुलनेस ध्यान सत्र आयोजित

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या द्वारा ऐश्वर्या कॉलेज में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में हार्टफुलनेस संस्था से ध्यान प्रशिक्षक मोहन लाल बोराणा ने क्लब सदस्यों एवं छात्रों को ध्यान के लाभों के बारे में बताया और हार्टफुलनेस ध्यान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षक बोराणा ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान एक सरल और प्रभावी तकनीक है जो तनाव को कम करने, मानसिक शांति बढ़ाने और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में मदद करती है। इस सत्र ने छात्रों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने भीतर की शांति को खोजने में मदद की। कार्यक्रम का संचालन रोटरेक्टर भार्गव वैष्णव ने किया।

क्लब अध्यक्ष रोटरेक्टर शमील शेख ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सत्र सभी के लिए उपयोगी रहा है, क्लब सदस्यों एवं छात्रों ने ध्यान का अभ्यास किया है और शांति और एकाग्रता का अनुभव किया है। क्लब प्रशिक्षक रोटरेक्टर ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि हार्टफुलनेस ध्यान एक ऐसी तकनीक है जो हमें अपने भीतर की शांति को खोजने और जीवन के तनावों से मुक्त होने में मदद करती है।

सत्र में क्लब सदस्यों एवं छात्रों ने ध्यान का अभ्यास किया और शांति और एकाग्रता का अनुभव किया।

साड़ी पहनकर हूपिंग में रचा इतिहास, लेट अस हूप टीम ने बनाया तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। लेट अस हूप टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अपनी अनोखी और प्रेरणादायक हूपिंग परफॉर्मेंस के लिए मशहूर इस टीम ने तीसरा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस बार की खास बात यह रही कि सभी प्रतिभागियों ने साड़ी पहनकर इस चुनौती को पूरा किया। लेट अस हूप की संस्थापक मिनाक्षी भेरवानी ने बताया कि सेलिब्रेशन मॉल में आयोजित इस इवेंट में 50 से अधिक हूपर्स ने हिस्सा लिया और अपनी हूपिंग कला का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने हर किसी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। प्रतिभागियों में बच्चे और महिलाएं शामिल थीं, जिनमें वाणी, दिव्यांशी, अद्विका, विहाना, जेनिका, अमतुल्लाहा, उदिति, कियारा, सृष्टि, मिराया, रूही, याना, तवन्या, डेलीशा, श्वेता, युहानी, अजुनी, हितार्थ, लिविशा, आरिका, परशवी, जसवीरा, अतीशा, डॉली, नेहा ओस्तवाल, वीरीशा, खुशी, तृप्ति, जूही, सोनाक्षी, श्रीजन, हीर, दियारा, चोक्श, डेमिरा, और अल्विरा शामिल थी। उन्होंने बताया कि हर प्रतिभागी की साड़ी के रंग और उनके उत्साह ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस आयोजन को मीनाक्षी भेरवानी ने आयोजित किया, जिन्होंने इस पूरे इवेंट की योजना बनाकर इसे एक सफल और यादगार पल बना दिया। लेट अस हूप की टीम ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीसीआई से मुकेश माधवानी, द पैसेज से नविका, डी प्लस शानदार से रुकसाना साबुनवाला,हमलेज़ से कमल, सेलुस मेडिकेयर से हनुवंत, स्पोर्ट्स स्टेशन से कशिश, मुफरल चोकोरश से उन्नति,गोल्ड एंड ब्लश से रिया सोनी, के बाय करीना से करीना,सैंडीज ट्रैवल टेल्स से संदीप,एससीआई ग्रुप से तारिका,रुद्राक्ष टूर्स से सुनीता सिंघवी और रुद्राक्ष, डिजिटल मिकाडो से अमतुल्लाह बोहरा, द ग्रैंड फतेह से मेहताब मौजूद थे। टीम की लीडर ने बताया कि यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं है, यह एक संदेश है कि मेहनत, समर्पण और टीम वर्क से हर असंभव काम को मुमकिन बनाया जा सकता है। साड़ी पहनकर हूपिंग करना हमारी संस्कृति और कला का अद्भुत संगम है।

प्रत्येक किसान की बने फार्मर रजिस्ट्री, सरकार की योजनाओं का मिले लाभ : सुराणा

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सुजानगढ़ के नौरंगसर व बीदासर के उड़वाला में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश लाटा)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले की सुजानगढ़ तहसील की नौरंगसर व बीदासर तहसील की उड़वाला ग्राम पंचायत में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखीं।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रत्येक किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बने और सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। अधिकारी, कर्मचारी किसानों को शिविरों के बारे में समुचित जानकारी दें तथा किसान जागरूक होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत शिविरों में किसान अपनी फार्मर आईडी बनाएं ताकि विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। सुराणा ने कहा कि शिविरों में आने वाले किसानों का शत प्रतिशत फॉर्मर आईडी बनाई जाए। इसी के साथ पीएम किसान सम्मान निधि योजना में भी पात्र किसानों को इनरोल किया जाए। उन्होंने पशुपालकों से कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में आवेदन कर अपने पशुधन का बीमा करवाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों के दौरान आने वाले किसानों से उनकी समस्याएं भी सुनें व निस्तारण के प्रयास करें। उन्होंने ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री के उपयोग व महत्व, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, आभा आईडी आदि की जानकारी दी। एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए किसानों को शिविरों व योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया। इस दौरान तहसीलदार राजू देवी, बीडीओ रवि कुमार, सरपंच भवानी सिंह, रतनलाल ढाका सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उड़वाला में जिला कलक्टर ने ग्रामीण विकास योजनाओं, स्वच्छता, पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

एसडीएम अमीलाल ने शिविर व्यवस्थाओं की जानकारी दी और किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जागरूक किया। इस दौरान तहसीलदार सुदेश, बीडीओ राजूराम, सरपंच रामेश्वर लाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व किसान मौजूद रहे।

साक्षरता की ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला हुई संपन्न, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। श्री महावीर जी ब्लॉक के समस्त पी ई ई ओ क्षेत्र के साक्षरता प्रभारियों की एकदिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौली में संपन्न हुई। कार्यशाला में संदर्भ व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर मुकेश लहकोडिया व राजवीर सिंह ने 15 वर्ष से अधिक के असाक्षरों की मार्च के तृतीय शनिवार को होने वाली परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं एप के माध्यम से असाक्षरो का रजिस्ट्रेशन करा कर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन लाल मीणा ने की। जिला साक्षरता अधिकारी,राम अवतार मीना व सहायक परियोजना अधिकारी करौली अशोक कुमार मीना ने कार्यशाला का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।कार्यक्रम के समापन पर सभी साक्षरता प्रभारियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौली द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे नवाचार की प्रशंसा करते हुएअपने-अपने विद्यालय, कार्यक्षेत्र एवं परिवार में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का संकल्प लिया।बेकार पॉलिथीन प्लास्टिक के पाउच आदि को बोतल में बंद करके इको ब्रिक बनाने का संकल्प का दौहरान किया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक के बेकार कचरे को बोतलों में बंद करके इको ब्रिक प्लास्टिक की ईट बनाकर विद्यालय में जमा कराया एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर सतीश शर्मा शिवकुमार मीणा बलराम मीणा रामराज मीणा आदि उपस्थित थे।

हिंडौन से अधिवक्ता गण एवं मुंशगण महाकुंभ स्नान के लिए40 सदस्य हुए रवाना

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। गुरुवार को टीकाकुंड हनुमान मंदिर से कोर्ट के अधिवक्तागण मुंशीगण कुंभ प्रयागराज स्नान के लिए40 सदस्य प्रयागराज के लिए रवाना हुए। प्रवक्ता गोपेन्द्र सिंह पावटा ने बताया कि हिंडौन कोर्ट से सामूहिक यात्रा में महाकुंभ स्नान करने के पश्चात काशी विश्वनाथ,अयोध्या के दर्शन लाभ प्राप्त किए जाएंगे इस अवसर पर सीनियर अधिवक्ता हरि बल्लभ, राधेश्याम शर्मा जी, देवी सिंह जी,अशोक नीमनका,अध्यक्ष रघुवर जाटव कृष्ण मोहन शर्मा, शैलेन्द्र जैन,गोपाल,खेम सिंह,कमेंद्र,बालकृष्ण,महेशगोयल,स्वतंत्र,पुनीत सहित काफी संख्या में अधिवक्ता और मुंशीगण मौजूद रहे।

ज्वलनशील पदार्थों के परिवहन एवं भंडारण के निर्धारित मानदंडों की पालना हर हाल में हो सुनिश्चित

- जिला कलक्टर ने अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों को दिये निर्देश
- आमजन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त
- गैस, रसायन के परिवहन वाहन एवं वाहन चालकों के सुरक्षा उपायों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में ज्वलनशील पदार्थों, रसायन और गैस के परिवहन एवं भंडारण के लिए निर्धारित मानदंडों की पालना हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में गैसीय एवं रसायन परिवहन सम्बंधी वाहन एवं वाहन चालकों के लिए सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों को प्रतिनिधियों को आमजन की सुरक्षा के लिए अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में भांकरोटा हादसे की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विषय विशेषज्ञों, पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने गैसीय एवं रसायन परिवहन संबंधी वाहन चालकों को प्रशिक्षण हेतु एक सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने, जयपुर में स्थित सभी पेट्रोलियम एवं गैस पाइप लाइन संबंधित प्लान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने 50 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, आपदा प्रबंधन के तहत समय-समय पर गैसीय एवं रसायन संबंधी आपदाओं से निपटने हेतु आमजन को जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ सभी संबंधित विभागों को समय-समय पर मॉक ड्रिल कर अपनी तैयारी परखने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में सभी वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज नियमित रूप से अपडेट रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, वाहनों में अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम का उपयोग करने, वाहन चालकों से यातायात नियमों की अवहेलना ना करने संबंधित शपथ-पत्र लेकर पाबंद करवाने के निर्देश दिये गए।

साथ ही, बैठक में जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों को आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ नियमित बैठक आयोजित कर निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि उपयोग में आने वाले वाहनों का रिकॉर्ड आवश्यक रूप से संधारण करने की व्यवस्था सुनिश्चित हो वाहन चालकों का ट्रैक रिकार्ड उत्तम हो अर्थात धूम्रपान, मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने वाला होना चाहिए।

जिला कलक्टर ने एक्सीडेंटल ट्रैक रिकार्ड वाले चालकों को सेवा में पुन: नियोजित नहीं करने के साथ-साथ सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपायों एवं निर्धारित मानदंडों की शब्दश: पालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री अमित शर्मा सहित पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान गौरवशाली स्थापना के 50वें वर्ष पर करेगा कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर 7 फरवरी 2025 को गौरवशाली स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से आम जन के स्वास्थ्य के लिए जोरावर सिंह गेट, जयपुर में पर में आरोग्य सप्तमी 7 फरवरी 1976 के पावन दिवस पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना हुई।

7 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर अपनी उत्कृष्टता के गौरवशाली 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है ओर इस गौरवशाली वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाने जा रहा है। 7 फरवरी 1976 को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ आमजन को देने के लिए स्थापित हुआ एक छोटा सा आयुर्वेद चिकित्सालय आज राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो चुका है, जहां देश और विदेश से आमजन आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से अपने स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में सम्मिलित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर से देश के सभी राज्यों ओर 17 देशों के विद्यार्थी आयुर्वेद की शिक्षा लेने के साथ शोध कार्य भी कर रहे हैं। 50 वर्षों की इस यात्रा में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियो को प्राप्त किया है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों और गतिविधियों के कारण इस संस्थान को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। जिनमे राष्ट्रमंडल विश्वविद्यालयों की सदस्यता, भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ का सदस्य, देश का प्रकृति परीक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड, हिंदी राजभाषा पुरस्कार, एवरेस्ट वर्ल्ड रिकॉर्ड, क्रिएटिव रिकॉर्ड सर्टिफिकेट, अमेजिंग बुक ऑफ इंडियन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अवार्ड, चरक संहिता की सबसे बड़ी क्लास का रिकॉर्ड के साथ कई सम्मान मिले हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आमजन तक आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ देने के लिए जोरावर सिंह गेट स्थित आयुर्वेद संस्थान के अलावा जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पांच ओपीडी संचालित है, समय-समय पर सभी विभागों द्वारा जयपुर शहर के साथ अन्य जिलों में निशुल्क चिकित्सा शिविरों का संचालन किया जाता है। 7 फरवरी 2025 को अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान 7 एवं 8 फरवरी 2025 को स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर 8 फरवरी 2025 को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमे माननीय केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री प्रताप राव जाधव, सांसद जयपुर श्रीमती मंजू शर्मा, हवा महल विधायक श्री बालमुकुन्दाचार्य महाराज, आयुष सचिव भारत सरकार वेद राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक आयुष मंत्रालय भारत सरकार श्री सत्यजीत पॉल, कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान प्रो. संजीव शर्मा के साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में 8 फरवरी 2025 को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स और नेट्राडाइन की साझेदारी से आएगी कार-परिवहन क्षेत्र में नई क्रांति

एआई-संचालित 'ड्राइवर आई' तकनीक से बढ़ेगी सुरक्षा और दक्षता, 900 से अधिक ट्रकों के बेड़े में लॉजिस्टिक्स का स्मार्ट अपग्रेड

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। भारत के ऑटोमोबाइल लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए, प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड ने एआई-संचालित फ्लीट और चालक सुरक्षा समाधान प्रदाता नेट्राडाइन के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत, प्रोफेशनल ऑटोमोटिव अपने 900 से अधिक ट्रकों के बेड़े में नेट्राडाइन की 'ड्राइवर आई' तकनीक को अपनाएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स सुरक्षा और दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। चालक सुरक्षा और परिचालन दक्षता में सुधार नेट्राडाइन की एआई-बेस्ड 'ड्राइवर आई' तकनीक ट्रक चालकों के व्यवहार की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, प्रशिक्षण और डेटा-संचालित विश्लेषण प्रदान करती है। इससे न केवल दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि ट्रकों की परिचालन क्षमता में भी वृद्धि होगी। प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स के सीईओ, लावण्या अग्रवाल ने कहा हम ऑटोमोबाइल परिवहन क्षेत्र में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेट्राडाइन की 'ड्राइवर आई' तकनीक हमारे बेड़े के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और चालक कल्याण को सुनिश्चित करेगी।

देश की प्रमुख ऑटो कंपनियों को होगा फायदा : प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स मारुति सुजुकी, फोर्ड, किया, होंडा और जीप जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। यह साझेदारी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा और समय पर डिलीवरी के नए मानक स्थापित करेगी। नेट्राडाइन के वरिष्ठ निदेशक, अमित कुमार ने कहा -प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स द्वारा हमारी एआई तकनीक को अपनाना ऑटो-परिवहन उद्योग में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। हमारा लक्ष्य भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को अधिक कुशल बनाना है। यह साझेदारी सिर्फ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे ऑटो-परिवहन उद्योग में स्मार्ट और सुरक्षित परिवहन के नए मानक स्थापित करेगी। प्रोफेशनल ऑटोमोटिव्स और नेट्राडाइन की यह पहल बेहतर सुरक्षा, दक्षता और नवीनतम तकनीक के साथ लॉजिस्टिक्स उद्योग को भविष्य की ओर ले जाएगी।

स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। दिनांक 6 फरवरी 2025 स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। व्यायाम शाला सदस्य रविंद्र कुमार के अनुसार स्वनेत्र आई हॉस्पिटल वे सुभाष व्यायाम शाला के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष व्यायाम शाला, हथरोई बावड़ी, अजमेर रोड, जयपुर पर नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। चिकित्सा शिविर में प्रभारी जय किशन गुर्जर, डॉ. स्वाति तोमर, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. आशीष धाकड़, डॉ. कनिष्का गुप्ता, डॉ. लक्षिता चंद्रावत, एवं श्रीमती अर्चना शर्मा समाज सेविका (हवा महल विधानसभा क्षेत्र) ने कॉलोनी के करीब 120 लोगों का आई टेस्ट कर अपनी सेवाएं दी। व्यायाम शाला की ओर से से संचालक गजराज सिंह किरार, रविंद्र कुमार मौर्य, गंगाराम खनगवाल, रोशन मौर्य, दिनेश मौर्य, महेंद्र निर्वाण, राजकुमार शर्मा ने शिविर आयोजन में सहयोग किया। शिविर के समापन पर व्यामशाला की ओर से स्वनेत्र आई हॉस्पिटल से पधारे सभी निस्वार्थ सेवाभावी चिकित्सकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

तीन सूने मकानों में चोरी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। राजधानी में चोर तीन सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। शिव महिला नगर निवासी किशोरी नंदन ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गहने एवं नगदी ले गए। घटना का पता वापस घर लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में मंगल नगर सिरसी निवासी अंकित कुमार जैन ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान सूना पाकर ताला तोड़कर अंदर घुसे और 2 लाख रुपए की नगदी, गुल्लक में रखे करीब 50 हजार, एक सोने की अंगूठी, कानों की झुमकी, चांदी के पायजेब, चांदी के चेन, नाक की लोंग सहित अन्य सामान ले गए। जब वह परिवार के साथ लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच साक्ष्य लेकर घटना स्थल और उसके आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। तीसरी घटना में रामराजपुरा राकड़ी निवासी सलीमुद्दीन ने सोडाला थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके मकान से चोर नगदी व अन्य सामान ले गए। चोर मकान से एक सोने की बाली, नाजपिन, चांदी के चेन, चांदी की चार अंगूठियां, सिलाई मशीन और सोने के टॉप्स ले गए।

अस्पताल से करीब तीन लाख चोरी

वैशाली नगर थाना इलाके में चोर अस्पताल से करीब तीन लाख रुपए की नगदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर रही है। पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश हाल वैशाली नगर निवासी आयुष जैन ने मामला दर्ज करवाया कि अमर जैन अस्पताल के काउंसिलिंग रुम में अल सुबह एक युवक आया और वहां पर रखे 2.80 लाख रुपए ले गया। यह घटना 5 फरवरी की सुबह करीब पांच बजे की है। बदमाश की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है।

महेंद्र सैनी बने सहायक विधि परामर्शी

बढ़ता राजस्थान

चूरू (नि.स.)। शिक्षा विभाग में वरिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर पदस्थापित महेंद्र सैनी ने बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बतौर सहायक विधि परामर्शी कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात्रि को विधि एवं विधिक कार्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव बृजेन्द्र जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार महेंद्र सैनी सहित 74 वरिष्ठ विधि अधिकारियों को सहायक विधि परामर्शी पद पर पदोन्नत किया गया है। कनिष्ठ विधि अधिकारी के तौर पर अपना कैरियर शुरू करने वाले सैनी विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। महेंद्र सैनी मूलत: झुंझुनूं जिले के महनसर के निवासी हैं और विधि सत्संग के माध्यम से विधि एवं न्याय क्षेत्र के विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए जाने जाते हैं। इस दौरान वरिष्ठ विधि अधिकारी अयूब खान, कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रियंका स्वामी, मंजू लेकरा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील जांगिड़, बिजेंद्र पूनिया, कनिष्ठ सहायक जनार्दन गहलोत, कनिष्ठ सहायक अमित शर्मा आदि मौजूद रहे। सैनी की पदोन्नति पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों, परिवारजन एवं अधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

जयपुर में महिला के पेट में 15 किलो की गांठ

7 टुकड़े कर निकाला; आंत-किडनी दब गई थी, सांस लेने में हो रही थी तकलीफ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। जयपुर में एक महिला के पेट का ऑपरेशन कर 15 किलो की गांठ निकाली गई। सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में 4 घंटे चले ऑपरेशन में गांठ के 6-7 टुकड़े कर निकाला गया। हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर राजेंद्र बुगलिया ने बताया- गांठ इतनी बड़ी थी कि इससे पेट की आंत और बायीं तरफ की किडनी दोनों दब रहे थे। ऑपरेशन में इन दोनों को डैमेज किए बगैर गांठ निकालना चुनौती था। डॉक्टर ने बताया- ऑपरेशन के बाद महिला अब बिल्कुल ठीक है और सामान्य जीवन जी रही है। सांस लेने में हो रही थी तकलीफ, वजन भी बढ़ गया था ऑपरेशन 9 जनवरी को हुआ था। महिला को 23 जनवरी को छुट्टी दे दी गई थी। दो बार उसकी हेल्थ का रिव्यू लेने के बाद डॉक्टर्स की टीम ने गुरुवार को इस केस की जानकारी शेयर की। डॉक्टर राजेंद्र बुगलिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी कलादेवी (51) 6 दिसंबर 2024 को ओपीडी में दिखाने आई थीं। उनका पेट बहुत बड़ा दिख रहा था। उन्हें एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। एक्सरे, सीटी स्कैन समेत तमाम जांच करवाने के बाद पता चला कि पेट में लिपोसारकोमा गांठ है। इसके बाद ऑन्कोलॉजी समेत कई डिपार्टमेंट से राय ली गई। सब जगह से क्लीयरेंस मिलने के बाद 9 जनवरी को ऑपरेशन किया गया। अमूमन इतनी बड़ी गांठ होना बहुत रेयर होता है। अक्सर इतनी बड़ी गांठ होती है तो उनमें से अधिकांश में फ्लूड भरा होता है, जिसे पंक्चर करके निकाला जाता है। लेकिन, यह गांठ पूरी तरह सॉलिड थी। गांठ के कारण महिला को सांस लेने की तकलीफ होने लगी थी। महिला का वजन भी बढ़ गया था। ऑपरेशन करने के लिए पेट के बड़े हिस्से पर चीरा लगाना पड़ा।

झालावाड़ से लाकर जयपुर में मादक पदार्थ सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

5 लाख 60 हजार रूपये की मादक पदार्थ स्मैक जब्त

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत प्रतापनगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर गोलू मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से 28 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। आरोपित यह अवैध मादक स्मैक अकलेरा जिला झालावाड़ से लाकर जयपुर में बेचता है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 60 हजार रुपये है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे।

कार्यालय नगर परिषद टोंक

क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2024-25/12094 दिनांक :- 05.02.2025

ई-निविदा सूचना - 16/2024-25

(NIB No. DLB2425A 5344)

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण/विकास कार्यों हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 20.02.25 सांय 6.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण व शर्तें www.Sppp.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। **UBN No.-(DLB2425WSOB16328)**

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

अति० जिला कलक्टर
एवं प्राधिकारी/प्रशासन न0प0 टोंक

राज.संवाद/सी/24/11283

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. विभाग, विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर

क्रमांक : 1826 दिनांक : 27/1/2025

निविदा सूचना संख्या: 29/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य (1.). राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के विभिन्न जगहों पर स्थापित लिफ्ट के वार्षिक रख रखाव का कार्य। (2.). राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में स्थापित फायर प्रोटेक्शन एवं फायर डिटेक्शन सिस्टम के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य। (3). राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के 11/0.415 के.वी. सब स्टेशन एवं डी.जी. सैट के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से, जिनके पास राजस्थान विद्युत निरीक्षणालय द्वारा जारी वैद्य विद्युत लाईसेन्स हो निर्धारित प्रपत्र में निम्न कार्य ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc. rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट http://eproc. rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। शुद्धि-पत्र केवल http://eproc, rajasthan.gov.in वेब साईट पर अपलोड किए जाऐंगे।

नोट:- कम संख्या 1 पर अंकित कार्य में लिफ्ट (Elevator AMC) कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों के अतिरिक्त मूल निर्माता कम्पनी, या उनके अधिकृत डीलर्स एवं समान कार्य में अनुभवी फर्में (In Government Department during last five years) भी भाग ले सकती है। जिसकी अग्रिम स्वीकृति दी जाती है।

UBN NO. PWD2425WSOB14279, PWD2425WSOB14280, PWD2425WSOB14281

(अरविन्द खत्री) अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि., विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर
मो. नं.. 9829456575

DIPR/C/1325/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा

क्रमांक : 2062 दिनांक : 29/01/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 14/2024-25 खण्ड मालपुरा

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्त्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', बी एव सी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code PWD2425A3963

UBN is: PWD2425WSOB14296

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा

सम्पादकीय

अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में जकड़ कर भेजा गया भारत, तालमेल बिठा कर निकाला जा सकता है गरिमापूर्ण रास्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण से पहले ही स्पष्ट कर चुके थे कि वे अवैध प्रवासियों के साथ कड़ाई से निपटेंगे। यहां तक कि उन्होंने एच-वनबी वीजा समाप्त करने की भी घोषणा कर दी थी, मगर कड़े विरोध के कारण उन्होंने अपना कदम रोक लिया था। अब अमेरिका प्रशासन ने एक सौ चार अवैध प्रवासी भारतीयों का पहला जत्था वापस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि ऐसे करीब अठारह हजार भारतीय मूल के लोग अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं और उन सभी को वापस भेजा जाएगा। निश्चय ही इस तरह अमेरिका ने भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को सख्त संदेश दिया है कि वह अपने आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। इससे बिना जरूरी कागजात के, अवैध तरीके से, अमेरिका में प्रवेश की कोशिश करने वालों पर लगाम लगेगी। गौरतलब है कि अमेरिका में अवैध घुसपैठ करने वालों में सबसे अधिक लोग भारत के होते हैं। ट्रंप ने कहा था कि ऐसे लोगों की वजह से अमेरिका पर नाहक भारी वित्तीय बोझ पड़ता और सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। इसलिए उन सीमाओं पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं, जहां से अवैध प्रवासी प्रवेश करते हैं। कोई भी देश अपने यहां लोगों को अवैध रूप से प्रवेश की इजाजत नहीं देता। युद्ध, अकाल आदि स्थितियों में कुछ लोग पलायन कर दूसरे देशों में शरण लेने का प्रयास करते हैं, उन्हें कुछ समय के लिए नजरअंदाज कर दिया जाता है। मगर रोजी-रोजगार की तलाश में गलत तरीके से प्रवेश करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। इसलिए जब ट्रंप ने अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठाया, तो भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है। मगर अमेरिका चूंकि उन्हें अपराधी मानता है, इसलिए वह उनके साथ उसी तरह निपटना चाहता है। पहली खेप में वापस भेजे गए लोगों को जिस तरह बेड़ियों में जकड़ कर सेना के विमान पर बिठाया गया, वह विचलित करने वाला दृश्य था। जबकि यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि अवैध रूप से अमेरिका गए लोगों का इरादा किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियां चलाने का नहीं था। वे बेरोजगारी के मारे हुए लोग हैं और वहां जाकर कुछ बेहतर जीवन जीना चाहते हैं। इसलिए उन्हें वापस भेजते वक्त अपराधियों की तरह परेड कराने के बजाय मानवीय तरीका अपनाने की अपेक्षा गलत नहीं है। भारत के साथ तालमेल करके कोई गरिमापूर्ण रास्ता निकाला जा सकता है। ट्रंप प्रशासन अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखते हुए कठोर पर कठोर फैसले कर रहा है। उसमें आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने पर विशेष बल है। इससे वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों में स्वाभाविक ही भय है। मगर हकीकत यह भी है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीय मूल के लोगों का योगदान महत्त्वपूर्ण है। उन्हें अगर ट्रंप प्रशासन बिना तार्किक आधार के निकालने या रोकने का प्रयास करेगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव जल्दी ही दिखना शुरू हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के जन्मजात नागरिकता संबंधी संवैधानिक प्रावधान के विरुद्ध फैसले को लेकर विरोध तल्ख हो गया है। उसे वहां की अदालत में चुनौती दी गई है। देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा की चिंता ट्रंप को होनी ही चाहिए, मगर मनमाने तरीके से कानून बदलने और फैसले थोपने को वहां कोई स्वीकार नहीं करेगा। इसीलिए उन्हें विरोधों का सामना करना पड़ रहा है।

आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

7 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- प्रुशिया एवं आस्ट्रेलिया ने 1792 में फ्रांस के खिलाफ़ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- यूरोपीय देश बेल्जियम ने 1831 में संविधान स्वीकार किया।
- अमेरिका के बाल्टिमोर में 1904 में जबरदस्त आग लगने से पन्द्रह सौ इमारतें जल कर खाक।
- चलती ट्रेन से 1915 में पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ।
- ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण 1940 में हुआ।
- यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा 1942 में की।
- अमेरिका, ब्रिटेन, और रूस ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- अरब और यहूदियों ने 1947 में फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- क्यूबा से सभी तरह के आयात पर अमेरिका ने 1962 में रोक लगाई।
- जर्मनी की एक कोयला खदान में 1962 में हुए विस्फोट से लगभग 300 मज़दूरों की जान गयी।
- अमेरिका ने 1965 में उत्तरी वियतनाम में लगातार हवाई हमले शुरु किये।
- 1983 में कोलकाता में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना।
- जापान द्वारा 1987 में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (ए.एन.सी) को मान्यता।
- 1999 में जार्डन के शाह हुसैन की मौत, अब्दुला नये शाह बने।
- वाशिंगटन में भारत और अमेरिका के बीच गठित संयुक्त विरोधी दल की पहली बैठक 7 फरवरी, 2000 को शुरु हुई।
- एरियल शेरोन 7 फरवरी, 2001 में इजरायल के प्रधानमंत्री के रुप में चने गये।
- फ्रांस के प्रधानमंत्री ज्यां पियरे रैफरिन 7 फरवरी, 2003 में भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
- नेपाल में स्थानीय निकायों के लिए 7 फरवरी , 2006 में वोटिंग हुई।
- इक्वाडोर का तंगुराही ज्वालामुखी 7 फरवरी, 2008 को फटा।
- महाराष्ट्र के राज्यपाल एससी जमीर ने 2009 में स्वतंत्र भारत की 12वी तथा पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को डी लिट् की उपाधि से नवाजा।
- दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 19वां अंतराष्ट्रीय पुस्तक मेला 7 फरवरी, 2010 को खत्म हुआ। आपको बता दें कि यह मेला 9 दिनों तक चला जिसमें करीब 2 हजार प्रकाशकों ने हिस्सा लिया।

7 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पत्नी रमाबाई आम्बेडकर का जन्म सन 1898 में हुआ।
- प्रमुख क्रान्तिकारी तथा लेखक मन्मथनाथ गुप्त का जन्म सन 1908 में हुआ।

विशेष आलेख

वेलेंटाइन वीक : जान लो, पहचान लो, जनक और जननी से बड़ा कोई वेलेंटाइन नहीं

सुशील कुमार 'नवीन'

शुक्रवार से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो रही है। आज के व्यवसायिक दौर की माने तो ये सात दिन प्रेम की अभिव्यक्ति की पराकाष्ठा होते हैं। व्यवहारिक दृष्टि इसके विपरीत है। देखा जाए तो प्रेम किसी पहचान का मोहताज नहीं होता है। प्रेम तो वास्तव में अंतर्मन की वो अभिव्यक्ति और अनुभूति है। न सुनाई पड़ती है और न दिखाई देती है। वह तो सिर्फ महसूस की जा शक्ति है। प्रेम कोई बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध वस्तु नहीं है तो फिर इसका व्यवसायीकरण क्यों? क्या प्रेम के लिए एक प्रेमिका का होना आवश्यक है? जिसने हमें जन्म दिया, पाला पोसा बड़ा किया। लड़खड़ाते कदमों को संभाल हमें आगे बढ़ाया। क्या वो प्रेम का अधिकारी नहीं है?

हिंदी के विख्यात साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की एक प्रसिद्ध उक्ति है कि यह संसार भी बड़ा प्रपंचमय यंत्र है। वह अपनी मनोहरता पर आप ही मुग्ध रहता है। सीधा सा भाव है कि सरलता सदैव धोखा खाती है। यही वजह है कि जो तुमसे ज्यादा प्रेम करता है, उसकी तुम्हें पहचान ही नहीं हो पाती। चार दिन किसी के साथ तफरी क्या कर ली, वहीं जाने जहां हो जाते हैं। इसके लिए माता-पिता , घर-परिवार की इज्जत भी उछालनी पड़ जाए तो भी परवाह नहीं। माई लाइफ माई राइट कहकर झट से पल्ला झाड़ लेते हो। जब इस माई लाइफ का भूत सर से उतर जाता है तो वापसी के लिए इसके सिवाय कोई और जगह नहीं होती। मैं ये नहीं कहता कि संसार में प्रेम की उपयोगिता या महत्ता नहीं है। पर वेलेंटाइन के नाम पर जो भ्रमजाल लगातार पैर पसार रहा है। उस पर चिंतन बहुत जरूरी है। सबसे पहले जानो कि प्रेम का कोई एक दिन तय नहीं किया जा सकता। जीवन का हर एक क्षण हमें प्रेम और प्रेमालाप करने का अवसर प्रदान करता है। यह कोई उपहारस्वरूपी वस्तु के बदले का मोहताज नहीं होता। यह कभी किसी लालसा को जन्म नहीं देता। यह तो हमें एक ऐसी साधना की राह की ओर अग्रसर करता है जो अथाह है अनन्त है। सुनते रहो! प्रेम कोई समय में बंधने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह तो युग युगांतर तक अमरता को प्राप्त होने वाली ऐसी दिव्य और अलौकिक ज्योति है जिसका प्रकाश कभी मंद हो ही नहीं सकता। प्रेम कभी नहीं कहता कि उसे गुलाब चाहिए, उपहार चाहिए। वह तो सिर्फ आत्मीयता चाहता है। जो सिर्फ पवित्र हृदय से मिलती है। आज के समय में आत्मीयता का प्रेम के रूप में कोई महत्व दिखता ही नहीं है। सुनो! जिसे तुम अट्रैक्शन कहते हो वो कोई अट्रैक्शन नहीं है। वह तो एक अबूझ लालसा है।

जो एक के मिलने के बाद भी पूरी नहीं होती। मन भरा तो मन चरा। यहां ये भी जानना जरूरी है कि प्रेम कोई आकर्षण रूपी क्षणिक भावना नहीं है। प्रेम तो हर जन का अस्तित्व है। उनका अनुपम अलौकिक व्यकित्व है। प्रेम को कोई बांध नहीं सकता। क्योंकि प्रेम की कोई सीमा नहीं है। प्रेम तो सीमा का निर्माण करता है। व्यक्ति बदल सकता है पर प्रेम रूपी व्यक्तित्व लाख चाहने पर भी नहीं बदलता। यह तो जानते ही होगे कि इंसान का शरीर, मन और व्यवहार बदलते देर नहीं लगाता। पर प्रेम हर व्यक्तित्व से परे अपरिवर्तनशील है। प्रेम कोई उत्तेजना नहीं है यह तो निष्काम मन का समर्पण है। प्रेम कोई विचार नहीं यह तो अभिव्यक्ति है। प्रेम कोई दृश्य नहीं यह तो अदृश्यम् है। जो प्रेम आकर्षण से पैदा होता है। या जो सुख की कामना लिए होता है। वह प्रेम नहीं है। ऐसे प्रेम की कोई लंबी उम्र नहीं होती है। अज्ञानता या सम्मोहन के फलस्वरूप जन्म लेने वाला इस तरह का प्रेम पानी के बुलबुले के समान क्षणिकमात्र होता है। इस प्रकार के प्रेम से मोह भी जल्द भंग हो जाता है। यह दीपक की लौ की तरह झर झर करने लगता है। और अंत में बुझ जाता है। मन में अनावश्यक भय, अनिश्चिता का माहौल, असुरक्षा और उदासी को बढ़ाने का कार्य करता है। जिस प्रेम की प्राप्ति सुख- सुविधा, धन दौलत, इच्छापूर्ति भाव के कारण होती है। वह आनंददायी नहीं निरुत्साही होता है। बात संभवत: तुम्हे बुरी लगे। पर जिस प्रेम की पराकाष्ठा की उम्मीद इस साप्ताहिक प्रेमोत्सव के दौरान में जाती है। वह प्रेम नहीं वासना का जाल है। प्रेम और वासना का अंतर जानना है तो यह भी सुनो! प्रेम और वासना में वही अंतर है जो कंचन और कांच में है। प्रेम अभिराम (सुंदर) तो हो सकता है पर अविराम(लगातार) नहीं। प्रेम अवलंब (सहारा) तो हो सकता है पर अविलंब (झट से) नहीं। प्रेम का परिणाम(फल)तो हो सकता है पर परिमाण नहीं। इसलिए किसी के बाहरी स्वरूप को देखकर उसके बारे में जल्दबाजी में सोचना या उसके व्यक्तित्व का आकलन करना उपयुक्त नहीं है। क्योंकि कई बार जो दिखता है वो होता नहीं है। अंते, हे जानकी! रोज(गुलाब) देना है तो अपने जनक(पिता)को दो। जिसकी बदौलत तुम्हारा संसार में आगमन हुआ। हे मनोहर! तुम्हे चॉकलेट ही देनी है तो अपनी मनोहरा जननी को दो। जिसने तुम्हें नौ माह पेट में रखा। लाख कष्ट सहे पर उफ तक नहीं की। यहां तक कि तुम्हें जन्म देते समय दूसरा जन्म भी उसे लेना पड़ा। प्रपोज करने का अवसर तो किसी और को देने की सोचना भी नहीं। प्रपोज के बहाने भेड़िए खाल नोचने को तैयार बैठे है। ऐसे में खुद से खुद को कामयाब होने का प्रपोज करो। टेडी देना है तो स्वयं से अनुपम कोई नहीं हो सकता। क्योंकि नटखट तो तुम हो ही। कब रूठ जाओ, कब मन जाओ पता ही नहीं चलता।

प्रोमिस अपनी बहन से उसकी सदा संभाल का करो। ताकि कोई आवारा वेलेंटाइन के बहाने उसकी अस्मिता से खिलवाड़ न कर सके। हग उस भाई को करो जो ढाल की तरह हर समय मौजूद हो। किस करने का वास्तविक हक तो माता-पिता को है। दिखावे की राह छोड़ कामयाबी की राह पकड़ो ताकि अपने आप को गौरवान्वित मान तुम्हारा ललाट चूम सके।

अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

ललित गर्ग

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए।

सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं।

शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

निष्ठा नारंग
(सामाजिक कार्यकर्ता)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं निष्ठा नारंग जो न केवल एक उत्कृष्ट प्रोजेक्ट मैनेजर हैं बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता और मॉडल के रूप में भी जानी जाती हैं। एक मिडिल क्लास परिवार से आने वाली और अपनी मां के अटूट समर्थन के साथ, निष्ठा ने अपनी यात्रा की शुरुआत 18 साल की उम्र में जोधपुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में बतौर सबसे युवा जर्मन टीजीटी ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर के रूप में की। अपनी पढ़ाई और काम के साथ, निष्ठा ने मॉडलिंग में अपने सपने को पूरा किया और अब नए टैलेंट को इस क्षेत्र में गाइड करती हैं। 8 वर्षों तक जर्मन मल्टीनेशनल कंपनियों में प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में काम करने के बादए निष्ठा ने अपने करियर को एक नई दिशा दी और पिछले 5 सालों से सामाजिक सेवा में जुट गईं। सरकारी स्कूलों में जर्मन भाषा सिखाने और छात्रों को करियर गाइडेंस देने के उनके प्रयासों ने न केवल कई युवाओं को नौकरी के अवसर दिलाए बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम करते हुए विभिन्न एनजीओ के साथ जुड़कर अपने अनुभव साझा किए।

15 अगस्त 2024 को, निष्ठा राजस्थान से माय भारत पहल के तहत चुनी गईं और दिल्ली के लाल किले पर पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह उपलब्धि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आज निष्ठा एक फ्रीलांस प्रोजेक्ट मैनेजर रूप में जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में जुटी हुई हैं। उनके काम को न केवल अलवर के कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र के रूप में सराहा गया, बल्कि उन्हें रोटरी क्लब और अन्य प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मानित भी किया गया। निष्ठा की कहानी इस बात का प्रमाण है कि अगर सपने बड़े हों और समर्पण सच्चा हो, तो कोई भी बाधा सफलता की राह में आड़े नहीं आ सकती। उनकी यात्रा लाखों युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

2025_037

बढ़ता राजस्थान

Ans_2025_036

Suduko

	6	4	2			3	7	
			1		4	9		
9		2			5	8	4	
4	5	1					3	
	9	6	5				8	4
7		8			6		2	
8			4	5	1		6	
6	2		3		9	4	1	7
	4		6	2		5		

6	1	8	7	5	9	2	3	4
4	5	3	1	2	8	6	7	9
2	9	7	4	3	6	8	5	1
3	7	2	9	6	1	4	8	5
1	8	5	2	7	4	9	6	3
9	4	6	3	8	5	1	2	7
5	2	9	6	1	3	7	4	8
7	3	4	8	9	2	5	1	6
8	6	1	5	4	7	3	9	2

कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

वृष

संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। नौकरी- धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

मिथुन

गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

कर्क

आज यात्रा को टालना हित में होगा। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है। आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

सिंह

व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

कन्या

आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

तुला

लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे।

वृश्चिक

शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्र वाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

धनु

किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

मकर

शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

कुंभ

गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

मीन

कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

मालपुरा पुलिस थाना परिसर में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा पुलिस थाना परिसर में गुरूवार को थाना प्रभारीइ चेनाराम बेड़ा की अध्यक्षता में सामुदायिक समन्वय समिति, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र सहित गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मोजुद प्रबुद्धजनो से थानाधिकारी बेड़ा ने आगामी दिनो में आने वाले त्यौंहारो पर भाईचारा बनाए रखने, क्षैत्र में अपराधो की रोकथाम के लिए पुलिस मित्र की तरह सहयोग प्रदान करने, शहर में चल रही शांति व्यवस्था को बनाए रखने , अपराधियो पर कड़ी नजर रख कर अपराधो पर लगाम लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दो पर विचार विमर्श किया गया।

रजिस्ट्री शिविरों में किसानों को मिली 11 अंकों की विशिष्ट पहचान

शिविर में ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिले में गुरुवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देश पर किसान रजिस्ट्री शिविरों में लाभार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए। एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 29 मार्च 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की 11 अंकों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जा रही है। जहां किसानों की फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे, भू-संदर्भित नक्शों का डेटा संग्रह और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किए जा रहे हैं। जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों में अब तक 648 किसानों का पंजीकरण कर 387 किसानों को यूनिक आईडी कार्ड सौंपे गए है। जिला कलक्टर ने किसानों से सभी आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, भूमि रिकॉर्ड, मोबाइल नंबर) लेकर किसान रजिस्ट्री शिविरों में पंजीकरण कराने की अपील की है। शिविर में किसानों को मिल रही ये सुविधाएं- डिजिटल क्रॉप सर्वे फसल की डिजिटल रिकॉर्डिंग, फॉर्मर रजिस्ट्री किसानों की पूरी जानकारी डेटाबेस में संग्रहित , भू-संदर्भित नक्शे खेतों की सटीक लोकेशन डिजिटल रूप में एवं 11 अंकों का डिजिटल कार्ड से योजनाओं का लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही शिविरों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, पेंशन, छात्रवृत्ति और पशुपालन योजनाओं की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

आज यहां लगेंगे शिविर

7 फरवरी को तहसील गंगापुर सिटी की ग्राम पंचायत उमरी, चौथ का बरवाड़ा की बलरिया, बरनाला की बरनाला, बामनवास की बिचपुरी, सवाई माधोपुर की कुशतला, बौंली व मित्रपुरा की झनून, वजीरपुर की सेवा, तहसील तलावड़ा की ग्राम पंचायत तलावड़ा एवं तहसील मलारना डूंगर ग्राम पंचायत तारनपुर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

गिव अप अभियान: 593 ने हटवाए नाम, अब 28 फरवरी तक का समय

खाद्य सुरक्षा- नाम हटवाने के लिए सरकार ने दिया एक और मौका

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र लोगों को सूची से नाम हटवाने के लिए राज्य सरकार ने एक और मौका दिया है। योजना में वंचितों और पात्र लोगों को गेहूं मिले। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से शुरू किए गए गिव अप अभियान की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 28 फरवरी कर दी है। इससे पहले यह तिथि 31 जनवरी थी। जिले में इस अभियान के तहत 593 लोगों ने अपने नाम पात्रता सूची से हटवाए है। इनके स्थान पर अब उन लोगों के नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़े जाएंगे, जो पात्र होते हुए भी मुफ्त राशन की सुविधा से वंचित थे।

यह है अभियान का उद्देश्य

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त एवं उपशासन सचिव के संशोधित आदेश में गिव अप अभियान की तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी है। योजना में पात्रता के मापदंड तय है। इसके बावजूद कई ऐसे लोगों ने अपने नाम पात्रता सूची में जुड़वा लिए है जो मुफ्त राशन की सुविधा लेने के पात्र नहीं है। राज्य सरकार ने ऐसे ही लोगों के लिए गिव अप अभियान शुरू किया है।

स्वेच्छा से छोड़ें, वरना होगी कार्रवाई

सरकार चाहती है कि खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ पात्र लोगों को ही मिले, जबकि प्रदेश में अब भी कई परिवार इस योजना का गलत लाभ ले रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई से पहले सरकार अवसर देते हुए रसद विभाग के मुख्यालय से गिव अप अभियान शुरू किया है। इसके तहत अपात्र व्यक्ति स्वेच्छा से निर्धारित तिथि तक अपने नाम पात्रता सूची से हटवा लें। इसके बाद अपात्र व्यक्ति ने लाभ लिया तो नियमानुसार कार्रवाई होगी।

मण्डी में शुरू हुई नई सरसो की आवक

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। कृषि उपज मण्डी समिति में गुरूवार को नई सरसो की आवक शुरू हुई। मण्डी प्रागंण में प्रथम दिन नई सरसो की 15 बोरी की आवक हुई। जिसकी शुरूआत 5 हजार 351 प्रति क्विटंल से हुई। मण्डी में नई सरसो की आवक होने से व्यापारियो के चेहरे खिले। मण्डी में नई सरसो की आवक होने के बाद प्रथम दिन मण्डी व्यापारी दीपक जैन लावा, भागचन्द , संजय, अनिल, गिरधारी मनीष गोयल, प्रहलाद, अनिल, ताराचन्द, मनोज व मण्डी सचिव दिव्या चौधरी नई सरसो की बिकवाली की। व्यापारियो ने संभावना जताई है कि इस बार अब तक फसलो की स्थिति को देखते हुए सरसो, गैंहु, चना सहित अन्य जिन्सो का भरपूर उत्पादन होने से मण्डी में भी भारी आवक होगी।

नव नियुक्त सीईओ जिला परिषद गौरव बुढानिया (आईएएस) आज संभालेंगे पदभार

सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना विशेष प्राथमिकता:गौरव

जिले के विकास अधिकारियों की लेंगे आज बैठक

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला परिषद के नवनियुक्त सीईओ गौरव बुड़ानिया (आईएएस) शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले बुढ़ानिया ब्यावर में उपखण्ड अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

भारतीय प्रशासनिक अधिकारी बुढ़ानिया में ' दैनिक बढ़ता राजस्थान' को फोन पर विशेष बातचीत में बताया कि उनकी विशेष प्राथमिकता सरकार की फ्लैग शिप योजनाओ को आमजन तक पहुँचाने की रहेगी। इसके अलावा सरकार द्वारा आयोजित करवाये जा रहे फार्मर कैम्पस के द्वारा विमन्तु / घुमंतु परिवारों को अधिक से अधिक लाभान्वित कर पट्टे जारी करवाना, स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत पंचायतों को स्वच्छ बनाना, पेयजल व्यवस्था सहित चारागाह विकास के कार्य, आंगनवाड़ी जिम पंचायत लर्निंग सेंटर्स को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसी प्रकार मनरेगा योजनान्तर्गत नर्सरियों के विकास कार्यों की गुणवत्तापूर्वक प्राथमिकता से करना रहेगा, वहीं पुरानी परिसंपत्तियों को उपयोगी बनाने आदि कार्यों सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति लाने के कार्य किए जाएंगे । बुढ़ानिया का कहना है कि उनकी विशेष प्राथमिकताओं में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला परिषद के अंतर्गत स्वच्छता संबंधित गतिविधियां बतौर उदाहरण :वर्तमान में ग्राम व ग्राम पंचायतों में साफ सफाई (घर-घर कचरा एकत्रीकरण), कचरे की छंटाई, सड़क सफाई, नालियों की सफाई, राजकीय कार्यलयों

टॉयलेट सफाई) हेतु निर्धारित स्वच्छता क्वस्क दरों के अनुसार टेंडर व कार्य, व्यक्तिगत टॉयलेट, समुदायिक टॉयलेट्स , ओडीएफ प्लस(सॉलिड व लिक्विड), ओडीएफ प्लस मॉडल प्रगति व वेरिफिकेशन, मिशन पिंक टॉयलेट प्रगति, आरआरसी निर्माण व सैंक्शन प्रगति के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित बजट के अनुसार जिले का व्यय भी सम्मिलित रहेगा।

निवर्तमान धारा सिंह मीणा को दी भावभीनी विदाई

उधर गुरुवार को जिला परिषद सवाई माधोपुर के निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा का स्थानान्तरण शासन उप सचिव ग्रामीण विकास विभाग जयपुर के पद पर होने पर जिला परिषद सभागार में कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने साफा बांधकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उप जिला प्रमुख बाबूलाल मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, मलारना डूंगर प्रधान देवपाल मीणा, एक्सईएन अशोक मीणा, एओ ओमप्रकाश मीणा, निजी सहायक मनोज पाराशर सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

विचलित हो रहे बाघ व अन्य वन्य जीव

रणथम्भौर में ब्लास्टिंग की गूंज जारी, जिम्मेदार खामोश

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिले के मलारना डूंगर क्षेत्र में रणथम्भौर बाघ परियोजना से सटी पहाड़ियों में ब्लास्टिंग से हो रहे धमाकों की गूंज वन्य जीवों को विचलित कर रही है। लेकिन इनकी आवाज वन अधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंच रही है। गौरतलब है कि तालड़ा व कुण्डेरा रेंज इलाकों की सीमा क्षेत्र में बसौ गांव के पास विभाग के पहाड़ों में बाघों का मूवमेंट रहता है। इनके अलावा अन्य वन्यजीव भी विचरण करते हैं। इसके बावजूद यहां रात दिन धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। वन क्षेत्र में खनन को लेकर ग्रामीण कई बार लिखित व मौखिक शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद इस पर अंकुश नहीं लग रहा है। मानवीय गतिविधियां प्रतिबंधित होने के बावजूद वन क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, ब्लास्टिंग के धमाकों और वाहनों की रेलमपेल से वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायतकर्ता के परिवार पर हो चुका हमला

बसौ गांव के रहने वाले जगदीश प्रसाद मीना ने बताया कि उसने 2021 में वन क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर वन अधिकारियों को शिकायत की थी। शिकायत से नाराज आरोपियों ने रात में घर में घुस कर उसके परिवार पर हमला कर दिया था। इस सम्बंध में मलारना डूंगर थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। मीना ने बताया कि आरोपी अभी भी वन विभाग की सुरक्षा दीवार को तोड़ कर पहाड़ में अवैध खनन कर रहे हैं। वन अधिकारी भी इन पर कार्रवाई करने से बचते हैं।

पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

वन विभाग ने ओलवाड़ा-निवाड़ी गांव के पास अवैध रूप से पत्थर परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली विगत दिनों को जब्त की, जो खनन का प्रत्यक्ष उदाहरण है। हालांकि इस दौरान चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी तालड़ा रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि वन क्षेत्र से अवैध खनन कर पत्थर ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर मलारना स्टेशन वन चौकी प्रभारी आरती शर्मा को मय जाप्ता नाकाबंदी के निर्देश दिए थे। नाकाबंदी के दौरान ओलवाड़ा-निवाड़ी गांव के पास पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। इस पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

जीत के डंके साथ आई टीम के स्वागत में बिछाए पलक पावड़े

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। केन्द्रीय भेड़ एवं अनुसंधान संस्थान अविकानगर की टीमे नागपुर में आयोजित पश्चिम क्षैत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में जीत का डंका बजा संस्थान लौटने पर विजेता टीम के स्वागत सम्मान में पलक पावड़े बिछाए।

बुधवार को देर रात्रि संस्थान की कबड्डी व स्मेशिंग में गोल्ड मेडल, बास्केटबाल व क्रिकेट में सिल्वर एवं 200 व 400 मीटर एवं रिले 100 गुणा 4 दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त कर टीमो के खिलाड़ी संस्थान लौटे। विजेता टीमो के संस्थान लौटने पर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर के नेतृत्व में संस्थान के वैज्ञानिको, अधिकारियो व कर्मचारियो ने गर्मजोशी से अगवानी कर सम्मान किया। इस दौरान विजेता टीमो के सम्मान में जमकर आशिबाजी की। साथ ही विजेता टीमो के खिलाड़ियो का सम्मान किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि संस्थान की ओर चयनित सभी टीमो के खिलाड़ियो के साथ टीम मैनेजर व डॉ. गणेश सोनवाने, डॉ. एस.सी.शर्मा, इन्द्रभूषण कुमार, राजकुमार मौजुद रहे।

महाविधालय में एनएसएस शिविर में रंगोली, मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। गुरुवार को महाविधालय में एनएसएस कार्यक्रम शिविर में रंगोली, मेहन्दी एवं खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविधालय टोंक की प्रो. अर्चना आनन्द ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुंभारम किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. चंचल गर्ग द्वारा की गई। मिडिया प्रभारी परितोष गौतम ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराधा यादव टीम, एवं मेहन्दी प्रतिययोगिता में प्रथम स्थान राधा एवं पायल द्वितीय स्थान पर ज्योति मेरूठा एवं फरहत जहां एवं छात्र खो-खो प्रतियोगिता में शिवाजी ग्रुप टीम विजेता रही। अन्त में छात्र/छात्राओं को अल्पहार एवं नि:शुल्क बैग वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिविर प्रभारी गणेश जाट, विजयलक्ष्मी गौतम, रमा गौतम, हीना महावर, शारीरिक शिक्षक खुशीराम मीणा, पवन सांहू, ईश्वर गुर्जर, सुरेश गुर्जर, नवीन गौतम, चन्द्रप्रकाश सैनी सहित सैकडो छात्र-छात्रांऐ मौजूद रहे।

महिला सशक्तीकरण को लेकर महिला नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

महिलाओं को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण सरकार की महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कड़ी: राधा चौधरी

महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ:भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मेन्दवास्या

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा शहर के दूदू रोड पर राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनान्तर्गत नि:शुल्क महिला श्रीजी कप्यूटर एजुकेशन सेन्टर का शुभारम्भ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में मौजुद राधा चौधरी ने किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राधा चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार प्रदेश के हर वर्ग की महिलाओं के विकास एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर अनेक योजनाऐं लागू कर महिला विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इन योजनाओं में महिलाओं को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान करते हुए कहा कि कम्प्यूटर ज्ञान को वर्तमान समय में जीवन के विकास का महत्वपूर्ण पहलु माना जाता है। वैसे तो कम्प्यूटर ज्ञान यदि जीवन भर भी लिया जाए तो पूरा नहीं होता लेकिन समय की मांग के अनुसार कम्प्यूटर का प्राथमिक ज्ञान आवश्यक है। इसलिए अधिक से अधिक महिला शक्ति स्वयं अपने एवं अपने परिवार के सर्वांगीण विकास के लिए कम्प्यूटर का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आगे आवें।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के नए मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के हर वर्ग की महिलाओं को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर विकास के सभी रास्ते खोलने के लिए यह योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि उनका एवं क्षैत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का यही प्रयास रहेगा कि प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को लेने के लिए प्रेरित कर विकास के सभी रास्ते खोले जाऐ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राउमावि की प्रधानाचार्या अलका पारीक व आरकेसीएल के विजेन्द्र कुमार भी मौजुद रहे। सभी अतिथियो का सेन्टर संचालको की ओर से अगवानी कर स्वागत सम्मान किया गया। वहीं राधा चोधरी ने मौजुद अतिथियो के साथ सेन्टर का फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ करने के बाद सेन्टर का अवलोकन भी किया।

कोटा विश्वविद्यालय: परिणाम में गड़बड़ी को लेकर सड़कों पर उतरे एबीवीपी कार्यकर्ता

पीजी कॉलेज व कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए किया विरोध-प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने विगत दिनों कोटा विश्वविद्यालय में चल रही परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर शहीद कैप्टन रिपुदमनसिंह महाविद्यालय के गेट पर एवं कलक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने कोटा विश्वविद्यालय में चल रही परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के खिलाफ पीजी कॉलेज के गेट के सामने एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने कोटा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता पिन्टू सिंह ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय में हाल में आए द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के रिजल्ट में गड़बड़ी देखने को मिली है। कई विद्यार्थियों के परिणाम में उनको अनुपस्थित बता दिया है, जबकि उन्होंने परीक्षा दी है। कई छात्रों के रिजल्ट में फेल ओर बैक दिखा दिया है। कोटा विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में कुछ विद्यार्थियों को 19 नम्बर आने पर फेल कर दिया है, जबकि 18 नम्बर आने पर पास कर दिया है। कुछ विद्यार्थियों के बैक लगा दी है। परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का ठीक मूल्यांकन नहीं किया है। परीक्षा में घोर लापरवाही से सभी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है।

एसडीएम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बरवास में रात्रि चौपाल आयोजित

अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें-हुक्मीचंद रोहलानिया

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बरवास में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में मनरेगा जॉबकार्ड, रोड़ लाईट लगाने, अतिक्रमण हटाने एवं पुलिया निर्माण करने जैसी समस्याएं सामने आई। जनसुनवाई में एसडीएम रोहलानिया ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभागों से समस्याओं की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में समस्त ग्रामवासियों ने पशुचिकित्सक लगाने, विद्युत तार सही, एनिकट की मरम्मत, रपटा ऊंचा कराने, छाणबास वाले रास्ते पर पुलिया मरम्मत, नाली सफाई, चरागाह से अतिक्रमण हटाने, आंगनबाड़ी केंद्र में

सहायिका की नियुक्ति करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह ग्राम के सरपंच ने पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से करने, जितेंद्र सिंह ने बजरी एवं कचरे को उठाने, समस्त ग्रामवासियों ने चूली से बरवास जाने वाले रास्ते पर पुलिया की ऊंचाई करने, रोडवेज बस का संचालन करने, ओवर लोडिंग बजरी के ट्रक की आवाजाही बंद करने तथा ग्रामीण रामसहाय मीना ने कुएं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने की गुहार लगाई।

पूर्व सांसद युवरानी महेन्द्र कुमारी को दी श्रृद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पूरे परिवार साहित पूर्व सांसद युवरानी महेंद्रा कुमारी की जयंती पर उनकी समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अलवर की पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की मां महेंद्रा कुमारी की जयंती पर गुरुवार को पूरा परिवार सागर स्थित उनके समाधि स्थल पर पहुंचा। पूर्व सांसद अपनी पत्नी अंबिका बेटे मानवेंद्र सिंह के अलावा दोनों बेटियां के साथ पहुंचे थे। सिंह ने कहा कि उनकी मां हमेशा गरीबए जरूरतमंद और जीव जंतुओं के प्रति विशेष लगाव रखती थी। उनका पशु.पक्षियों के प्रति बहुत प्रेम था। जब वे छोटे थे। तब उनकी मां अहमदाबाद के सर्कस से एक शेरनी को खरीदकर फूलबाग ले आई थी। उन्होंने बताया कि सकर्स में शेरनी के साथ अत्याचार हो रहा था। उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। वन्यजीव के प्रति दुर्व्यवहार उनसे देखा नहीं गया तो शेरनी को अलवर लेकर आ गई। उसके बाद शेरनी अलवर के फूल बाग में रही। यहां उसने दो शावक भी जन्मे थे। उन्होंने बताया कि अपने जीवन में कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

अलवर में करवाए गए विकास कार्य आज भी उनकी दिलाते है याद:–पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा युवरानी उनकी मां को कोई भी परेशान नजर आता था तो उनकी सुनती थी। उन्होंने सांसद बनकर अलवर में विकास कार्य करें जिनको आज भी याद किया जाता है। उनके द्वारा मथुरा रेलवे लाइन हो या जिंदोली घाटी की सुरंग जैसे विकास के काम आज भी याद आते है। उनको अलवर की जनता ने एक नेता के रूप में नहीं एक मां के रूप में ज्यादा देखा है।

कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय जल्द ही हो सकता है स्थानान्तरित

- कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित पूराने गर्ल्स कॉलेज के भवन में बनाया गया है कार्यालय
- 60 लाख रूपयों की लागत से हुई थी हैरीटेज भवन की मरम्मत

150 वर्ष पूराना है भवन, खेतड़ी महाराज के कैम्प कोर्ट के रूप में हुआ था निर्माण

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। सब कुछ सही रहा तो कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित नगर परिषद भवन में संचालित कोटपूतली–बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित पूराने गर्ल्स कॉलेज के भवन में स्थानान्तरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में कोटपूतली–बहरोड़ नवीन जिला गठन के समय अप्रैल 2023 में जिले की प्रथम ओएसडी के रूप में आईएएस शुभम चौधरी के कार्यालय हेतु नगर परिषद भवन में वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। बाद में अगस्त 2023 में कोटपूतली–बहरोड़ जिला गठन की अधिसूचना जारी होने पर भी नगर परिषद भवन में ही जिला कलेक्ट्रेट का अस्थाई कार्यालय बनाया गया था। जिसके बाद से जिला कलेक्टर द्वारा उसी भवन का कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा है। जिसमें नगर परिषद कार्यालय भी संचालित है। दोनों ही कार्यालय एक जगह होने से अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ–साथ आमजन, पक्षकारान व अधिवक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस शासन में ही जिला कलेक्ट्रेट के स्थाई भवन के निर्माण होने तक अस्थाई तौर पर कार्यालय संचालन के लिये वैकल्पिक भवन की तलाश भी शुरू हो गई थी। जिसके बाद कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित पूराने गर्ल्स कॉलेज के भवन को इसके लिये उपयुक्त मानते हुये चयनित किया था। राज्य सरकार ने उक्त भवन की मरम्मत के लिये 60 लाख रूपयों की राशि जारी की थी। जिसके बाद भवन की मरम्मत करवाई गई है। हालांकि इस भवन में कार्यालय को स्थानान्तरित करने की कवायद कई दिनों से चल रही है। लेकिन बार–बार इसे स्थगित कर दिया जाता है। इस दौरान उक्त परिसर में पुनः झाडियां आदि भी उग आई है। परन्तु एक बार फिर नये सिरे से इस भवन में कार्यालय को स्थानान्तरित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी बीच एडीएम ओमप्रकाश सहारण व नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा गुरूवार को यहाँ पहुँचे एवं भवन का जायजा लेते हुये आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिये। इस भवन में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर व स्टॉफ कार्यालय के अलावा अधिवक्ताओं के बैठने के लिये भी जगह उपलब्ध करवाई जायेगी।

भवन के सामने नगर परिषद का बड़ा पार्क भी है। जिसमें यहाँ सुनवाई के लिये आने वाले पक्षकारान भी बैठ सकते है। इसके अलावा यहाँ पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्थायें है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिये पर्याप्त सुविधाओं का निर्माण भी इस भवन में करवाया गया है। नई जिला कलेक्ट्रेट के बनने तक यह कार्यालय ही कोटपूतली–बहरोड़ जिले का मुख्यालय कहलायेगा। यह भवन सराय मौहल्ला व बानसूर रोड़ से सडक़ मार्ग द्वारा जुड़ता है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मोबाइल टावर हटाए जाने का उठाया मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जयसवाल ने बताया 60 रोड रामनगर शनि मंदिर वाली गली कॉलोनी में स्थानीय लोगों द्वारा टावर लगाए जाने के विरोध में मिनी सचिवालय में कॉलोनी के सभी कॉलोनी निवासियों ने फर्स्ट एडी एम मुकेश कायतवाल को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सभी कॉलोनी निवासी इस मौके पर उपस्थित रहे ।संगठन की जिला अध्यक्ष तुलसी सोनी,शहर अध्यक्ष संगीता सिंह,जिला सचिव ज्योति अलग कॉलोनी निवासी माया देवी लक्ष्मी देवी सरोज देवी, विमला,जीतू जायसवाल, राधाकृष्ण शर्मा,सुगना बाई, आशा देवी आदि कॉलोनी निवासी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने किया लाडा का बास एवं किशनपुरा शिविर का निरीक्षण

प्रत्येक पात्र किसान को यूनीक आईडी नंबर जारी कर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को पावटा तहसील की ग्राम पंचायत लाडा का बास एवं विराटनगर तहसील की ग्राम पंचायत किशनपुरा में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हे बताया कि समस्त किसान आवश्यक रूप से फॉर्मर रजिस्ट्री करवाएं, जिससे कि सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त होता रहे। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के माध्यम से मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें, ई केवाईसी करावें, टीकाकरण सुनिश्चित करें, एवं पशु विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अधिकाधिक पशुपालकों के पशुधन का बीमा कर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने को कहा. उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्र आगंतुकों के पेंशन सत्यापन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को समझाया कि जिस प्रकार आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान का दस्तावेज है उसी प्रकार फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्ड कृषकों के डेटाबेस का दस्तावेज है। कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं उपस्थित शिविर प्रभारी से नियमित शिविरों की मॉनिटरिंग करते हुए अधिकाधिक फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले शिविरों के बारे में विभिन्न माध्यमों से प्रभावी प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करें।इस दौरान उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार, उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान, तहसीलदार पावटा दिनेश एवं तहसीलदार विराटनगर लालाराम यादव सहित संबंधित अधिकारी किसान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

7 तक यहां आयोजित होंगे शिविर : 5 फरवरी से प्रारंभ हुए 3 दिवसीय शिविर 7 फरवरी तक कोटपुतली तहसील में ग्राम पंचायत देवता और बनार, बानसूर तहसील में ग्राम पंचायत मौठूका और बाबरिया, तहसील माँढण में ग्राम पंचायत परतापुर, तहसील बहरोड़ में ग्राम पंचायत तसींग और रिवाली,तहसील पावटा में खेलना और लाडा का बास, तहसील नीमराना में कुतीना और कोलिलाजोगा, तहसील नारायणपुर में अजबपुरा और कोलाहेड़ा एवं दिनांक 6 फरवरी से 8 फरवरी को तहसील विराटनगर में भमोट और किशनपुरा में आयोजित होंगे।

दिव्यांग बालक, बालिकाओं के लिए परामर्शदात्री कार्यशाला का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में दिव्यांग बालक, बालिकाओं के लिए परामर्शदात्री कार्यशाला का आयोजन किया गया। टीम स्वच्छता सेवा दल के संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को अन्य बच्चों की तरह समान अधिकार दिया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं पार्षद प्रमोद सैनी गुरुजी ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को बच्चों की सेवा करना परम धर्म बताया एवं कहा कि इन बच्चों की सेवा करना साक्षात भगवान की सेवा करने के समान है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागीरथ मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों को दिव्यांगों के प्रति सकारात्मक विचार रखने की अपील की। स्थानीय विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनीषा यादव ने दिव्यांग बच्चों को बोझ न समझ कर उनके प्रति सजग रहने की अपील की।अजय यादव ऋक्क ष्टङ्खस्ह ने दिव्यांगों से संबंधित विभिन्न जानकारी दी। इस कार्यक्रम में स्पीच थैरेपिस्ट डॉक्टर मनदीप द्वारा बच्चों को स्पीच थेरेपी दी गई।इस कार्यक्रम में टीम स्वच्छता सेवा दल के सचिव मुकेश जांगिड एवं सभी सदस्यों द्वारा बच्चों को जरूरत की सामग्री(पानी की बोतल,नोट बुक, पेन, पेंसिल, रबर, डायरी,रुमाल व अन्य आवश्यक वस्तुऐं वितरित कि गई। इस अवसर पर टीम के सक्रिय सदस्य दिनेश यादव भी उपस्थित रहें।सरदार विद्यालय से विजय कुमार सैनी द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुओं का एवं टीम स्वच्छता सेवा दल के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

इस कार्यशाला में विद्यालय के व्याख्याता गुरु दयाल यादव द्वारा मंच संचालन किया गया। इस अवसर पररामप्रकाश, अमित कुमार मेहरडा ओमप्रकाश मीणा व अन्य विशेष शिक्षक भी मौजूद रहे।

अक्षर ज्ञान ही शिक्षा नहीं बल्कि उसे आत्मसार करना शिक्षा है : बोहरा शिक्षा देने के लिए प्रेरणा और प्रेरणा देने के आत्मसात अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र के गाँव नयाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्षीकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसएमएस शिक्षा ग्रुप के डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि अक्षर ज्ञान ही शिक्षा नहीं बल्कि उसे आत्मसार करना शिक्षा है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व उसकी प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए प्रेरणा देनी और लेनी चाहिए।बोहरा ने कहा कि प्रेरणा वह शब्द है जिसकी परिकल्पना हमारे कृषि मुनियों ने की थी, जो आज भी सार्थक है। उन्होंने वार्षीकोत्सव सम्मान समारोह में ये उदगार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि वे आग के सामने या किसी जलाशय या कहीं और कठिन तपस्या कर भारत को विश्वगुरु बनाया है। हमें गौरव करना चाहिए उन ऋषि मुनियों और हमारे मार्ग दाताओ पर कि हमने उनकी तपोस्थली पर जन्म लिया है। बोहरा ने कहा कि जो पढ़ेगा वही आगे बढेगा यह वाक्य मुझे प्रेरणा के रूप में मिले उन्हें मैं अंगीकार करते हुए अमलीजामा पहनाने का प्रयास कर रहा हूँ। कुछ हद तक मैं सफल भी रहा पर मैं असफल होने के लिए तैयार नहीं हूँ। इसी प्रकार विद्यार्थी और अध्यापक अपने कर्तव्य का पालन करें। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा से सर्वांगीण विकास हो सकता है शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और खेल कूद और मानसिक विकास भी जरूरी है।जिससे विद्यार्थीयों का मानसिक विकास होता रहे।बोहरा ने कहा विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने कर्तव्य को लेकर पढ़ाई करें,और अपने मां–बाप का नाम रोशन करें।इस मौके पर सीएमएचओ आशीषसिंह शेखावत,अतिरिक्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी इंद्राज, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि पीसी रावत,प्रधानाचार्य रामपाल शेर, जिला महामंत्री नगेंद्रसिंह, डॉ कर्ण सिंह, सुरेश ज्ञानपुरिया,जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप जाट, रुप सिंह, सावंत सिंह, रुप स्वामी, कप्तान सिंह, ऋषि सिंह सहित विद्यार्थी और ग्रामीण मौजूद रहे।मंच संचालन मुकेश विजयवर्गीय और सुभाष सैनी ने किया।

आग और पानी का अनूठा संगम पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए डॉ मालती गुप्ता पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स , सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज ने जल जाने पर प्राथमिक उपचार विषय पर व्याख्यान दिया । साथ ही स्किन डोनेशन एवं स्किन बैंक के बिषय के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि जलना मुख्यतया एक एक्सीडेंट होता है , और किसी भी एक्सीडेंट का मुख्य कारण lack of concentration होता है जो कि मानसिक तनाव के कारण होता है। हम अपने सकारात्मक विचारों के सकारात्मक प्रभाव से अपने मानसिक संतुलन को बना कर रख सकते हैं और दुर्घटना से बच सकते हैं ।

विचारों की थाली में हम किस तरह के विचार अपने लिए परोसें, यह हम पर ही निर्भर हैं। पीने के जल को सकारात्मक विचारों की उर्जा से चार्ज कर के पीने से हम स्वयं अपने मानसिक तनाव को दूर कर के मानसिक शांति पा कर दुर्घटना रहित जीवन की ओर अग्रसर हो सकता हैं । इस अवसर पर डॉ मालती गुप्ता द्वारा रचित कविता 'पानी और आग'– एक अनूठा संगम,का पोस्टर,इसी कविता पर आधारित द्विभाषी चित्रांकित पुस्तिका Water & Fire a unique* confluence एवं Song Video का विमोचन भी आईजीपी दिनेश भागर्व ,आईपीएस अनुकृति उज्जैनी द्वारा किया गया।

नायब सूबेदार का बयाना के स्टेशन पर भव्य स्वागत सम्मान, फौजी को डीजे के साथ नाचते जयकारे लगाते लेकर घर तक पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। थल सेना से सकुशल सेवानिवृत्त हो कर आए नायब सूबेदार हरिओम कसाना 68 आर्मड बटालियन गांव दमदमा बयाना अपनी 24 वर्ष 25 दिन की कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर सेवा देकर दिनांक 6/2/2025 सुबह 9 बजे बयाना रेलवे स्टेशन पर पूर्व सैनिक संघ बयाना के समस्त पदाधिकारियों ने सूबेदार का साफा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया और साथ ही भारत माता की जय, वंदे मातरम् , सैनिक एकता जिंदाबाद आदि के नारे लगाए गए। हरिओम कसाना ने कहा कि जिस प्रकार से मैंने भारतीय सेना में बॉक्सिंग खेल में कई मैडल जीते और सेना में ईमानदारी से सेवाएं दी हैं उसी तरह से अब हम सैनिकों के साथ मिलकर समाज और युवाओं के भविष्य और उनके उथान के लिए फ्री में बॉक्सिंग खेल के लिए काम करेंगे।

विधानसभा में दहाड़े नेता प्रतिपक्ष, बोले जनता को जबाव चाहिए ना कि बहानेबाजी

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को विधानसभा में राजस्थान सरकार का जमकर घेराव करते हुए कहा कि हम जिलों को लेकर मंत्रियों का भाषण सुनने नहीं आए हैं। उन्होंने संसदीय मंत्री को आढ़े हाथों लेते हुए कहा कि बातों से काम नहीं चलेगा कोई तथ्य है तो वह सामने पेश कीजिए। जूली बोले प्रदेश में शराब की अवैध ब्रांच चल रही है। 36 महीने में 36 मामले साइबर फ्रॉड के आए लेकिन उन्हें दर्ज करने के बजाय पुलिस ने प्रदेश की जनता को टरकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनसंख्या के आधार पर जिले बना और समाप्त कर रही है तो डीग भरतपुर अलवर खैरथल और सांचौर जालौर के बीच की दूरी और तर्कसंगतता को स्पष्ट किया जाए साथ ही सलूंबर नीम का थाना और गंगापुर सिटी की जनसंख्या का आंकड़ा सार्वजनिक किया जाए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जिलों के प्रति आज सरकार की मंशा सामने आ गई। सरकार जिलों के मामले पर चर्चा करने से बच रही है।सरकार ने बिना मापदंड के जिले निरस्त कर दिए। न दूरी मापदंड रखा और न ही जनसंख्या।सरकार कह रही है खर्चा ज्यादा आता हैए सरकार ने एक पैसा खर्च नहीं किया। उन्होंने कहा कि 14 महीने जिले रखेए फिर निरस्त कर दिएए अगर यह फैसला करना था तो पहली ही कैबिनेट में करते।संसदीय कार्य मंत्री को तथ्यों से बात रखनी चाहिये थी।

जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत छींतोली में की जनसुनवाई

मौके पर ही संबंधित विभागों से फीडबैक लेकर निराकरण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को त्रि–स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति विराटनगर की ग्राम पंचायत छींतोली में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें जिला कलक्टर ने मौके पर ही नियमानुसार समस्याओं के निराकरण के निर्देश प्रदान किये।जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार की मंशा स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण करने की है जिससे आमजन को तहसील अथवा जिला कार्यालय पर नहीं जाना पडे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करते हुये समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना है।उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक नागरिक से रूबरू होकर उनके परिवादों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से यथाशीघ्र निराकरण कराने को कहा। जिला कलक्टर ने परिवादियों के बैंक, पट्टे, राशन, सड़क, पेयजल कनेक्शन, पेंशन, अतिक्रमण, पुलिस, चिकित्सा व्यवस्था, जलभराव, विद्युत, सीमाज्ञान सहित अन्य समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने इस दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में शैक्षणिक व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण बच्चों के लिए संचालित की जा रही लाइब्रेरी का निरीक्षण कर दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

राज्य सरकार की एग्रीस्टैक पहल

किसानों के लिए डिजिटल पहचान और योजनाओं का लाभ होगा आसान

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। किसानों के समग्र विकास और सरकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को खैराबाद की उण्डवा ग्राम पंचायत में जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एग्रीस्टैक परियोजना के तहत राजस्थान में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत हो रही है। इससे किसानों को न केवल एक विशिष्ट पहचान मिलेगी, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सहूलियत होगी।। शिविर के दौरान उन्होंने किसानों से व्यक्तिगत संवाद किया और सभी काउंटरों का निरीक्षण कर तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने किसानों को अपने हाथों से रजिस्ट्री आईडी पत्र सौंप कर शुभकामनाएं दी।

डिजिटल फार्मर आईडी से योजनाओं का मिलेगा लाभ

इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान को 11 अंकों की आधार से जुड़ी फार्मर आईडी दी जाएगी, जिससे वे विभिन्न कृषि योजनाओं का सरलता से लाभ उठा सकेंगे। यह पहल किसानों को बेहतर कृषि निवेश, कृषि विशेषज्ञों से समय पर मार्गदर्शन, फसल बीमा, आपदा प्रबंधन सहायता, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, कृषि ऋण व किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं प्राप्त करने में सहायक होगी।

जल्द कराएं पंजीकरण, मिलेगा सुगम लाभ

जिला कलेक्टर ने किसानों से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने की अपील की, जिससे वे बिना किसी बाधा के सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। शिविर के नोडल अधिकारी एसडीएम लाडपुरा गजेंद्र सिंह ने बताया कि दूसरे दिन कोटा जिले में लगभग 495 ई केवाईसी एवं 153 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई।

भविष्य में होगी अनिवार्य

कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), डीबीटी, आपदा राहत सहायता, कृषि योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति और बजट आवंटन के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य होगी। यह आईडी किसानों की भूमि की डिजिटल पहचान बनाएगी, जिससे सरकारी योजनाओं का सुव्यवस्थित और पारदर्शी लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविर में आवश्यक दस्तावेज : पंजीकरण हेतु किसानों को आधार कार्ड, जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। बिना इन दस्तावेजों के पंजीकरण संभव नहीं होगा।

सत्यापन प्रक्रिया फेशियल रिकग्निशन की सुविधा भी उपलब्ध

शिविर में भूमि सत्यापन अधिकारी किसानों के आधार और जमाबंदी का निरीक्षण कर रहे हैं। ओटीपी सत्यापन के माध्यम से आधार नंबर दर्ज कर पुष्टि की जा रही है। जिन किसानों के मोबाइल नंबर पर ओटीपी उपलब्ध नहीं है, उनके लिए फेशियल रिकग्निशन के जरिए सत्यापन की सुविधा दी गई है। सत्यापन के बाद किसानों की भूमि डिजिटल रूप से दर्ज की जा रही है, और उनकी फार्मर आईडी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भेजी जा रही है।

लाखेरी के विधार्थियो एंव शिक्षक दल ने पीएम श्री विधालय का अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(नि.स.)। गुरूवार को लाखेरी स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के छात्राओं एवं शिक्षकों के दल ने ट्यूनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवा जिला बूंदी का अवलोकन किया। श्रीमती विभा गौतम ने एवं समस्त स्टॉफ ने आगतुक अथितियों का तिलक लगाकर स्वागत किया । विद्यालय में होने वाली गतिविधियों एवं विद्यालय वातावरण से अवगत कराया।

विद्यालय में नागरिक साक्षरता व सामाजिक न्याय लोकतंत्र व नैतिक व्यवहार राजनीतिक जागरूकता, आलोचनात्मक व शोध सामान्य ,पुस्तक समूह निर्माण संचार, कौशल मीडिया साक्षरता सूचना ,साक्षरता समाचार पत्र प्रकाशन ,समुदाय सहभागिता भारत की जानकारी, समस्या समाधान संचार चैन लिंक स्टोरी, चित्र लेखन संस्कृती सामाजिक क्षमता, सामाजिक भावनात्मक नैतिक विकास ,रचनात्मक काव्य प्रतियोगिता, सहयोग सांझा वैश्विक जागरूकता राष्ट्रीय एकता ,प्रौद्योगिकी साक्षरता, रोल प्ले वर्कबुक अभ्यास लाइब्रेरी लैब किचन गार्डन का अवलोकन कर सेल्फी पॉइंट में सभी छात्र-छात्राओं ने फोटो खींचे।

पीएम श्री स्कूल नैनवा से श्री प्रकाश चंद धाकड़, अब्दुल जावेद,मनोज सोयल ,ललित जैन, , उपप्रधानाचार्या मंशा तेली, आशाराम गुर्जर, महावीर कहार, अंकित गौतम, सीताराम नामा के अतिरिक्त पीएम श्री विद्यालय लाखेरी से गंगाधर सुमन, अकरम खान, गणेश कुमार मीणा, रेखा मीणा, किशना सिंह, ज्ञानचंद सैनी सहित छात्राये उपस्थित रहे! कार्यक्रम के अंत में नैनवा पी एम श्री विद्यालय प्रधानाचार्य विभा गौतम ने आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

पालिका की बोर्ड बैठक हुई संपन्न 35 करोड़ 55 लाख का बजट हुआ पारित

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (नि.स.)। गुरुवार को नगर पालिका की बोर्ड की बैठक शहर के सुभाष नगर सर्किल के समीप स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन आयोजित की गई। बोर्ड की बैठक में हंगामे के बीच 35 करोड़ 55 लाख का बजट पारित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठीक बारह बजे बोर्ड की बैठक शुरू हुई जो कि कुल 45 मिनट तक चली। इस बैठक में वार्ड पार्षदों ने वार्डो में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को प्रमुखता से उठाया। वही शहर में हो रहे अतिक्रमण से जुड़े कई मुद्दों पर भी बहस हुई। बोर्ड बैठक में पूर्व नियोजित मुद्दों पर सभी वार्ड पार्षदो ने हंगामे के बाद सहमति दी। बस स्टैंड वाया सुखाड़िया पार्क चौराहे से होते हुए कोटा बाईपास तक रोड निर्माण के लिए सभी वार्ड पार्षदों ने डीपीआर में सहमति दी। शहर की सीमा विस्तार को लेकर नया गांव, सखावदा, चमावली, कांकरा डूंगर, गांवों के साथ साथ खरायता गांव और उतराना गांव को भी पालिका क्षेत्र में जोड़ने की मांग उठी। इस दौरान नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर ने बताया कि शहर की पालिका में बजट की कमी को शहर की बेशकीमती भूमि पर प्लाट कांट कर पूरा किया जाएगा। वही जिग जैक डैम के किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटाकर वहां पर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा तथा पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया जाएगा।

प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर आचार्य छत्तीसी विधान का भव्य आयोजन, विधि-विधान से पूजा सम्पन्न

प्रज्ञा सागर जी महाराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, इन्हें सुनकर जनमानस भाव-विभोर हो उठा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। महावीर नगर विस्तार योजना में गुरुवार को संत आचार्य भगवन गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर भव्य आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

विधान के दौरान भावविभोर हुआ जनसमुदाय : अध्यक्ष सिद्धार्थ हरसौरा ने बताया कि सुबह श्रद्धालु विधान पंडाल पहुंचे तो वहां लगा हुआ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का भव्य कट आउट ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं आचार्य श्री विराजमान होकर समस्त जनमानस को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों। विधान में आचार्य श्री की पूजा के लिए आचार्य विद्यासागर एक्सप्रेस के माध्यम से कोटा से डोंगरगढ़ (आचार्य श्री की समाधि स्थल) पर समाज श्रेष्ठियों द्वारा पूजन सामग्री ले जाई गई। वहां विधि-विधान से पूजन सम्पन्न हुई।

भक्ति, प्रवचन और श्रद्धा का अनूठा संगम : महामंत्री पारस जैन ने बताया कि आचार्य श्री की पूजन के उपरांत पूरे पंडाल में श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य छत्तीसी विधान बड़े ही भक्ति भाव से सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर सम्पूर्ण जनमानस भाव-विभोर हो उठा। आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के उद्बोधन के पश्चात विशाल एलईडी स्क्रीन पर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अंतिम प्रवचन प्रसारित किए गए। इस दौरान ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं आचार्य श्री वहां उपस्थित होकर धर्म और सत्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे हों। प्रवचन सुनकर सम्पूर्ण समाज कुछ क्षणों के लिए मंत्रमुग्ध हो गया और श्रद्धालुआचार्य श्री से जुड़े स्मरणों में खो गए।

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम की सफलता पर अध्यक्ष सिद्धार्थ जैन एवं मंत्री पारस जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि आचार्य श्री का प्रथम समाधि दिवस अत्यंत श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल नांता, कार्याध्यक्ष प्रकाश बज, नरेश वेद, निशा वेद सहित समाज के स्थानीय उपाध्यक्ष संजय जेठानीवाल, महेंद्र लाम्बाबांस, रोहित खटोड़, श्रेयांश हरसोरा, मुकेश जेठानीवाल, अंकुश ठग आदि मौजूद रहे।

ज़िला कलेक्टर रहे भीलवाड़ा शहर के दौरे पर

ज़िले के प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक रूप से करे सम्पन्न : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। नगर के समुचित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को न्यास अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु द्वारा भीलवाड़ा शहर का दौरा किया गया। जिला कलक्टर संधु द्वारा नेहरू रोड, नेहरू तलाई, आर.सी. व्यास योजना स्थित शिवाजी गार्डन, प्रस्तावित कन्वेंशन सेन्टर, रोडवेज बस स्टेण्ड से नेहरू गार्डन होते हुए केशव पोरवाल हॉस्पिटल तक डी.एम.एफ.टी. के अन्तर्गत प्रस्तावित नाला, ईरास सर्किल से सुवाणा पंचायत समिति होते हुए सुवाणा गेट तक कोटा रोड पर फोरलेन सडक निर्माण, पटेल नगर योजना स्थित मानसरोवर तथा नगर वन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर संधु द्वारा सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न करने के निर्देश दिये गये। नगर विकास न्यास के सचिव ललित गोयल ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि मानसरोवर एवं नगर वन में विकास कार्यों हेतु डीएमएफटी मद से कमशः 20.00 एवं 15.00 करोड रूपये स्वीकृत किये जा चुके है। न्यास द्वारा इन दोनो कार्यों की निविदा जारी की जा चुकी है।

इस अवसर पर न्यास सचिव ललित गोयल, अधीक्षण अभियन्ता योगेश माथुर, अधिशाषी अभियन्ता रामप्रसाद जाट, के.जी. नागर एवं राजू बडारिया उपस्थित रहे।

धारदार चाकू एंव अवैध शराब प्रकरण में दो युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(नि.स.)। शहर में नशे का कारोबार चरम पर है। नशे में स्मैक,अवैध शराब,अवैध गांजा हर गली नुक्कड़ में बेचे जा रही है। नशे की लत से युवा,मजदूर परेशान है। हालत खराब है,कई घर बर्बाद के कगार पर पहुँच चुके है। पुलिस केवल छिटफुट कार्यवाही करके इतिश्री कर रही है। शहर में नशे की सप्लाई करने वाले गिरोह पर पुलिस के लम्बे हाथ पहुँच नहीं पा रहे है। लोगो की माने तो ऐसा भी नहीं है,कि नशे के कारोबारी पुलिस प्रशासन की जानकारी में नहीं है,लेकिन पुलिस ऐसे बड़े अपरोधियो को पकड़ पाने में नाकाम हो रही है। पुलिस की फोरी कार्यवाही- पुलिस के उच्चाधिकारियो के निर्देश पर नैनवां पुलिस ने गश्त एंव अवैध कार्यो की चैकिंग की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने एक युवक के पास अवैध धारदार लोहे का चाकू बरामद किया है। मौके पर युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देश पर सद्दाम उर्फ गोगू पुत्र गुलशेर निवासी देईपोल चूंगी नाका वार्ड 12 निवासी को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही टीम में थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,एएसआई देवलाल ,कांस्टेबल बल्लो सिंह,आरीफ मौजूद रहे। अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार - पुलिस ने अवैध शराब मामले में कार्यवाही करते हुए 48 देशी शराब के अवैध पव्वे के साथ महेन्द्र कुमार मीणा निवासी भवानीपुरा को गिरफ्तार किया गया है।

बीमा परिपक्वता व स्वत्व प्रपत्र व अन्य दस्तावेज न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर अतिशीघ्र ऑनलाईन करें

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी 01 अप्रैल 2025 को भुगतान के लिए परिपक्व हो रही है ऐसे कर्मचारियों की बीमा परिपक्वता व स्वत्व प्रपत्र व अन्य दस्तावेज न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर ऑनलाईन कर राज्य बीमा विभाग को भिजवाना होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक अरविंद जोशी ने बताया कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को जिनकी 01 अप्रैल 1965 से 31 मार्च 1966 के मध्य जन्मतिथि के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों अधिकारियों को आग्रह किया है ऑनलाईन अति शीघ्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे जिससे राज्य सरकार की मंशा के अनुसार संबंधित कार्मिकों का शत प्रतिशत भुगतान किया जा सके ऑनलाईन अपडेशन में किसी प्रकार की समस्या आने पर बीमा विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

मंदिर से मुकुट चोरी मामले का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले के गंगधार पुलिस ने मंदिर से मुकुट व कुंडल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चांदी का 700 ग्राम का टुकड़ा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत 70000 रुपए बताई जा रही है वही चोरी के उपयोग में ली गई मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है। थानाधिकारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि विगत 28 जनवरी को थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव में स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा करने के बहाने मंदिर में अंदर जाकर चोरों ने तीन मूर्तियों से मुकुट व कुंडल चोरी कर लिए थे जिस मामले में पुलिस की गठित टीम ने चोरी के आरोपी मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर आरोपी से अनुसंधान किया गया, जिस पर आरोपी द्वारा चुराए गए मुकुट व कुंडल असनावर निवासी दिनेश सोनी को बेचना बताया। वहीं आरोपी के कब्जे से मंदिर में चोरी के समय परिवहन के उपयोग में ली गई मोटरसाइकिल जप्त की गई, पुलिस द्वारा चोरी के गहने खरीदने के आरोपी दिनेश सोनी को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषणों को गला कर चांदी का करीब 700 ग्राम का टुकड़ा बनाया गया था जिसकी वर्तमान में बाजार में कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है उसे भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में अन्य आरोपी गुड्डू सैयद निवासी पिड़ावा फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कोटा मैन के अभिषेक जैन अध्यक्ष व दीपांश जैन सचिव बने, निर्विरोध चुनाव हुए

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कोटा मैन के सत्र 2025 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव की प्रक्रिया बसंत बिहार स्थित अकलंक स्कूल में हुई। चुनाव अधिकारी अनुराग सेठी व राकेश पाटोदी ने बताया कि सत्र 2025 के लिए अध्यक्ष पद पर अभिषेक जैन को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा दीपांश जैन सचिव व पीयूष जैन कोषाध्यक्ष बने हैं। निवर्तमान अध्यक्ष उत्सव बड़जात्या ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया एवं पदभार सौंपा। इस अवसर पर अनिमेष जैन, सुरेश चांदवाड़ व विकास अजमेरा के अलावा ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष उमेश अजमेरा, नितिन पंड्या, प्रदीप अजमेरा, दीपक रांवका व संदीप जैन भी मौजूद रहे। इन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में सहयोग दिया। इसके साथ ही, अकलंक एसोसिएशन की ओर से सचिव अनिमेष जैन ने भी नव निर्वाचित कार्यकारिणी का अभिनंदन किया और उन्हें संगठन के उत्थान के लिए शुभकामनाएं दीं।

विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (नि.स.)। शुक्रवार को शहर में संचालित इब्राहिम गांधी स्मृति संस्थान लाखेरी, चिकित्सा विभाग, बहुउद्देशीय जनकल्याणकारी समिति कोटा तथा जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पहुंचने वाले रोगियों की आंखों का परीक्षण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधीर गुप्ता द्वारा किया जाएगा तथा मोतियाबिंद वाले मरीजों को भर्ती कर निशुल्क लैंस लगाए जाएंगे। शिविर में भर्ती मरीज के रहने खाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। मरीज को अपने साथ खाने पीने के बर्तन वहीं परिजन को स्वयं के बिस्तर और बर्तन साथ लाने होंगे।

भीलवाड़ा महोत्सव 2025- शिल्प, संस्कृति और मनोरंजन का भव्य संगम, आज भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा महोत्सव का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। अटूट धागे, संस्कृति के थीम के साथ भीलवाड़ा महोत्सव 2025 का आगाज 7 फरवरी शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा से होगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में यह शोभायात्रा प्रातः 9:30 बजे जिला कलक्ट्रेट परिसर से निकलेगी, जिसमें राजस्थान की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और संगीत का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इसके बाद चित्रकूट धाम में प्रातः 11 बजे से लोकरंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें पेंटिंग, मांडना, मेंहदी, रंगोली, चित्रकला और सितोलिया जैसी पारंपरिक कलाओं की प्रतियोगिताएं होंगी। शाम 5 बजे से टाउन हॉल में लोकमाता अहिल्याबाई पर आधारित लोकनाट्य का मंचन किया जाएगा, जिसका निर्देशन अरूः अजयकरण जोधपुर द्वारा किया गया है। रात्रि 8 बजे से राजेंद्र मार्ग पर प्रसिद्ध कवि और कलाकार शैलेश लोढ़ा अपने हास्य व व्यंग्य से समां बांधेंगे। वहीं, रात्रि 10 बजे लेजर शो दर्शकों को रोमांचित करेगा।

7 से 9 फरवरी तक रोज होंगे खास आयोजन : सुबह 10 बजे से चित्रकूट धाम में बुक फेयर, फूड फेस्ट, आर्ट फेस्ट, खाना खजाना और एडवेंचर एक्टिविटीज का आयोजन होगा। शाम 6 से 8 बजे तक रोमांचक कबड्डी प्रतियोगिता होगी। 7 से 11 फरवरी तक ग्रामीण हाट में उद्योग मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कारीगरों व उद्योगपतियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। भीलवाड़ा महोत्सव 2025 न सिर्फ कला, संस्कृति और परंपरा को जीवंत करेगा।

ट्रेलर व कार की जबरदस्त भिड़न्त में तीन की मौत

■ टक्कर के बाद खाद-बीज की दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रेलर, कार हुई चकनाचूर

■ मृतकों के घरों में छाया मातम, नहीं जले गांव में चूल्हे

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर कार व ट्रेलर की भीषण टक्कर में कार सवार तीन जनों की मौत हो गयी। ट्रेलर के चालक एवं खल्लासी गाड़ियों के भीतर ही फंस कर गम्भीर घायल हो गये। जिन्हें लोगों की सहायता से निकालकर मौके से ही जिला अस्पताल आरबीएम भरतपुर भेजा गया। जबकि कार के चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी। ग्रामीणों की भारी भीड़ भी मौके पर जमा हो गयी। सूचना पर पहुँची बयाना सदर थाना व झील चौकी पुलिस ने लोगों की सहायता से रेस्क्यू अभियान चलाया। गुरुवार को बीरमपुरा के टॉल से आगे निकलते ही सेवा कुरवारिया के पास सामने से आ रहे ट्रेलर से कार की जोरदार भिड़न्त हो गयी। बयाना सदर पुलिस थाना थाना प्रभारी कृष्णवीर सिंह चाहर ने बताया भिड़न्त में कार चालक रूदावल थाना क्षेत्र के ब्रह्मबाद निवासी गोपाल पुत्र

बनय सिंह की मौत हो गयी। जिसके शव को बयाना के उपजिला अस्पताल की मौचरी में रखवाया गया था। जिसका सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे में मृतक रामचन्द्र निवासी बिसूरी जिला करौली एवं सूरौठ थाना क्षेत्र के तहारपुर निवासी लाखन पुत्र रतीराम के शव को उच्चैन सीएचसी मौचरी में रखवाया है। भल्लू पुत्र रमेश निवासी खेड़ा राजगढ़ करौली घायल हुआ। जिसे आरबीएम भरतपुर भेजा गया है। उच्चैन पहुँचे मृतक लाखन के परिजनों ने बताया कि सभी कार में सवार

होकर वृन्दावन होते हुये कुम्भ स्नान के लिये प्रयागराज जा रहे थे।

कार व ट्रेलर से भिड़न्त में आधे घण्टे बाद हादसे वाले स्थान पर ही पेड़ से टकराकर एक और दुर्घटना हो गयी। जिसमें बाइक सवार सड़क के किनारे के पेड़ सें टकरा गये जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बयाना के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद भरतपुर के जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घायल रवि जाटव, अरविन्द एव रोहित उच्चैन के निवासी हैं।

आरएसआरडीसी की लापरवाही बनी हादसे की वजह

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क के किनारे लगे छौंकरा के पेड़ से टकराकर ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। सामने से आ रही कार को बचाने के चक्कर में ट्रेलर दो दुकानों को चीरता हुआ उनके अन्दर घुस गया। तब तक कार और ट्रेलर की भिड़न्त में हादसा हो गया। सड़क निर्माण ऐजेन्सी यदि पेड़ को वहाँ से हटा देती तो शायद हादसा नहीं होता।

दो दुकान एवं एक मकान हुआ क्षतिग्रस्त

नगला कल्याण निवासी दिगम्बर ने बताया कि ट्रेलर के टकराने से उनके पिता रूपसिंह शर्मा के स्वामित्व की दो दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयी। उनके एक मकान में भी दरारें आ गयी हैं। जिसकी बयाना सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

आईस्टार्ट व एआईएसए कार्यक्रम में संभागीय स्तरीय आउटरीच और जागरूकता कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के माध्यम से संभाग स्तरीय आउटरीच और जागरूकता कार्यशाला राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कॉनमेस हॉल में शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से आयोजित की जायेगी। उपनिदेशक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि इसबार आउटरीच और जागरूकता कार्यशाला की मेजबानी भरतपुर को मिली है। इसका उद्देश्य राजस्थान को एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, रोबोटिक्स और कोडिंग क्षेत्रों का प्रमुख केंद्र बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, रोबोटिक्स और कोडिंग क्षेत्र में कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और आईस्टार्ट स्कूल कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। जिसमे उद्योग-सरेखित कौशल पहल और उद्यमशीलता के अवसरों पर जोर दिया जाएगा। छात्र, स्टार्टअप और महत्वाकांक्षी उद्यमियों को ध्यान में रखकर आयोजित की जाने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को विकसित डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। उन्होंने बताया कि एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, रोबोटिक्स और कोडिंग पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में है। सरकार ने राजस्थान एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, रोबोटिक्स और कोडिंग नीति 2024 शुरू की है। अत्याधुनिक इनोवेशन हब, उत्कृष्टता केंद्र और इनक्यूबेशन स्पेस के साथ, सरकार घरेलू प्रतिभाओं की पोषित करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में आईस्टार्ट, एआईएसए और आईस्टार्ट स्कूल कार्यक्रमों, एवीजीसी-एक्सआर के भविष्य और रोबोटिक्स और कोडिंग में नवीनतम प्रगति पर गहन सत्र शामिल होंगे। प्रतिभागियों को इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक अनुनय प्राप्त होगा। जिसमें गेम जैम प्रतियोगिता और फेवसी द्वारा बिल्डर एक्स प्रोग्राम शामिल है, जो शुरुआती चरण के स्टार्टअप को संरचित इनक्यूबेशन सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि टर्निंग पैशन इन टू प्रॉफिट पर एक विशेष मास्टरक्लास उद्योग के दिग्गजों द्वारा प्रदान करेगा, जिससे युवा उद्यमियों को विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में बदलने में मदद मिलेगी।

ग्राम पंचायत मैनपुरा का परिसीमन करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भुसावर पंचायत समिति के मैनपुरा निवासी भगवान सहाय मीणा ने उपखंड अधिकारी भुसावर को पत्र लिखकर ग्रामपंचायत मैनपुरा को अलग से ग्राम पंचायत बनाया जाकर ,ग्राम मजाजपुर ,खेडली ब्राहम्ण, गढी ब्राहम्ण, एवं शहजादपुरा को सामिल कर नई ग्राम पंचायत का गठन किया जाये । राज सरकार की ओर पंचायतो की सीमाओं के परिवर्तन करने एवं नवसर्जन के लिए वर्ष 2011 की जणगणना के आकाडो को आधार माना गया है । नये आदेशो में कम से कम 3000 की जनसंख्या होना आवश्यक है वही अधिकतम जनसंख्या 5500 से अधिक न हो।

वर्तमान आकड़ों के अनुसार ग्राम पंचायत मैनापुरा के वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार . मैनापुरा ग्राम पंचायत की जनसंख्या6654 है जिसमें कुल पांच गाँव है, जनसंख्या के अनुसार मैनपुरा 3159,गढीब्राहम्ण 396,खेरली ब्राहम्ण 705,शहजादपुरा 627 एवं मजाजपुर की 1773 जनसंख्या है। मीणा ने लिखे पत्र में वर्ष 2011 की जनगणना के आकडो एवं राज सरकार की ओर से ग्राम पंचायतो की सीमाओ में परिवर्तन परिशिमन व नवसर्जन के लिए जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार ग्राम पंचायत मैनापुरा को अलग ग्राम पंचायत बनाते हुए ।

मशरूम उत्पादन के लिए कृषि महाविद्यालय भुसावर पर करें प्रशिक्षण प्राप्त

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ग्रामीण उद्यामिता कृषि विकास योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक सिखाई जा रही है। यह कार्य पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. शंकर लाल यादव की देखरेख में चल रहा है।

मशरूम उत्पादन के इच्छुक किसान व युवा कृषि महाविद्यालय भुसावर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया है कि किसान एवं युवा मशरूम उत्पादन कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन एक कमरे में शुरू किया जा सकता है, कमरे की खिडकियों पर अखबार, गत्ता अथवा टाट चिपका कर अंधेरा कर लिया जाता है तथा कमरे में बांस या लकडी से 3-4 स्तर के स्लेब बना लेते हैं, जिसपर मशरूम उत्पादन हेतु मशरूम स्पान मिश्रित उपचारित भूसे की थैलिया रखी जाती हैं। उन्होंने बताया कि भूसे को फार्मएल्हिाइड व बाविस्टीन के घोल से उपचारित कर पानी निचोडकर उसमें स्पान मिलाते हुए प्लास्टिक की थैलियों में भर दिया जाता है, अतिरिक्त पानी निकालने के लिए थैलियों में जगह-जगह छेद कर दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन थैलियों को बांस की स्लेब पर डार्क रूम में रख देते है। स्पान की वृद्धि होने पर प्लास्टिक थैलियों को हटा दिया जाता है। इस तरह एक माह मे मशरूम की छतरी आने लगती हैं।

विद्यार्थी को पढ़ाई और खेल में के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए : अतिरिक्त जिला कलेक्टर

7वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 9 पदक जीतकर भरतपुर का परचम लहराया

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 7वीं नेशनल क्योरुगी एवं पूम्से ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब के 9 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर भरतपुर का परचम लहराया खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा जी के कार्यालय पर नेशनल प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने के लिए उत्सवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने में भरतपुर संभाग के प्रथम ताइक्वांडो लिटिल मास्टर सेकिण्ड डेन ब्लैक बेल्ट ऐश्वर्य शर्मा, फस्ट डेन ब्लैक बेल्ट राम्या शर्मा एवं सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभकामनाएं प्रदान की एवं

उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का विशेष महत्व है, विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित अभ्यास से सफलता प्राप्त होती है। टाईगर क्लब सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि 7वीं नेशनल क्योरुगी एवं पूम्से ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आर डी मंगेशकर के शुभाशीष एवं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप जी के मार्गदर्शन में मिनी इंडोर स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में क्योरूगी में सब जूनियर वर्ग में ऐश्वर्य शर्मा ने स्वर्ण पदक, युवराज सिंह स्वर्ण पदक, राम्या शर्मा ने कांस्य पदक, अभय सिंह कांस्य पदक व अभी सिंह कांस्य पदक प्राप्त किया एवं क्रेडिट वर्ग में सौरव सेन कांस्य पदक प्राप्त किया एवं जूनियर वर्ग में विशाल जाटव ने स्वर्ण पदक, रौनक कोली ने रजत पदक, गुड़िया सेन ने कांस्य पदक प्राप्त करने पर राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी एवं सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा ने शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय मित्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि ताइक्वांडो दिमाग और ताकत का खेल है आशा है भरतपुर के खिलाड़ी इस खेल में अन्य खेल क्षेत्रों की भांति ही भरतपुर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम में भरतपुर एसडीएम राजीव शर्मा, सहायक निदेशक लोक सेवा सुश्री भारती भारद्वाज, तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता, क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, श्री अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत्त शर्मा, भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, नेशनल जूडो चैंपियन पोहप सिंह जादौन, नेशनल कराते चैंपियन नेहा शर्मा, महिला प्रशिक्षक व भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी राजेंद्र भारद्वाज ने प्रतियोगिता में सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नेशनल महाविद्यालय चैंपियन लवली माहौर, दीक्षा सिंह, चारू शर्मा, जिग्नेश गुर्जर, प्रबल लवानिया, शांतनु राजपूत, पार्थ फौजदार, राहुल जाटव, अमर सिंह आदि अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

पेंशनर समाज की बैठक सम्पन्न, वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा बयाना की कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार दोपहर को कचहरी परिसर स्थित पेंशनर कार्यालय भवन में आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक और पेंशनर समाज के सदस्य ग्यारसाराम कोली रहे। अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने की। मंत्री बृजेश शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी 20 मार्च को पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन में 80 वर्षीय पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में कई पेंशनरों ने बताया कि कुछ दवा दुकानदार पेंशनरों को आरजीएचएस योजना के तहत दवाइयां उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। इस पर ऐसे दवा दुकानदारों के खिलाफ राज्य सरकार को लिखने पर सहमति बनाई जिससे उन दुकानदारों के लाइसेंस रद्द हो सके। इसके अलावा वर्ष 2024 में रिटायर्ड हुए कार्मिकों से पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण कराने के लिए अभियान चलाने का भी फैसला लिया गया। वहीं जिन पेंशनरों की जून माह में आयकर कटौती हुई है, उनका आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक कराने का सुझाव दिया गया। पेंशनर समाज की जो लोग घर पर हैं उनके घर संपर्क कर जानकारी देने की भी बात रखी गई। बैठक में पेंशनर रामभरोसी लाल शर्मा, मुरारीलाल खेमरिया, पूरनचंद मित्तल, पूरनसिंह चावला, बदन सिंह सूपा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, रामखिलाड़ी वैद्य, पूरनचंद पीटीआई आदि कई पेंशनर मौजूद रहे।

प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित भरतपुर संभाग के आवेदनकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित किया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह ने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित भरतपुर संभाग के छात्रावासों में विभिन्न रिक्त पदों पर माध्यमिक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के आवेदनकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृष्णानगर स्थित जिला परिषद कार्यालय में 10 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे धौलपुर जिले के आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार, 11 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे सवाई माधोपुर जिले के एवं 12 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे से भरतपुर तथा करौली जिले के आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है।

खेतों में पीछा कर तीन साइबर ठग गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

5 मोबाइल-7 सिम, 3 एटीएम 1 मिनी एटीएम मशीन की बरामद

बढ़ता राजस्थान

डीग/ भरतपुर (मुकेश सैनी)। डीग जिले की सीकरी थाना पुलिस ने साइबर ठगी करते 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी 4 आरोपी भागने लगे। जिसमें से 3 आरोपियों को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी हथियार बेचने के नाम पर ठगी करते थे। सीकरी थाना अधिकारी शिव लहरी ने बताया- 5 जनवरी को मुखबिर के जरिए सूचना

मिली थी कि धर्मशाला और कुलियाना गांव के 4 से 5 युवक साइबर ठगी करते हैं। वह इस समय कैथवाड़ा लुहेसर रोड़ पर इकलेरा जाने वाले रास्ते पर बैठे हैं। वहां पर वह ऑनलाइन ठगी का काम रहे हैं। तुरंत पुलिस की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो थाने की जीप की लाइट की रोशनी में 4 युवक बैठे दिखाई दिए। वह पुलिस की जीप को देखकर खेतों में भागने लगे। जिनका पीछा किया और पुलिसकर्मियों ने तीन युवकों को पकड़ लिया। वहीं 1 युवक खेतों की खड़ी फसल फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने तीनों युवकों की तलाशी ली तो, उनके पास 5 मोबाइल, 7 सिम कार्ड, 3 ज़रू 1 मिनी ज़रू मशीन मिली। आरोपियों ने पूछताछ में बताया की वह हथियार बेचने के नाम पर ठगी करते हैं।

सड़क के चौड़ाईकरण में आ रहे पेड़ों पर लगाया रिफ्लेटर टैप, किया पेन्टिंग कार्य

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)। स्टेट हाईवे-1 पर सेवर से बयाना सड़क का चौडाई करण कार्य में सड़क किनारे के पेडों को हटाने की कार्यवाही सीईसी से अनुमति आने के बाद की जायेगी। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा पेड़ों पर रिफ्लेटर टैप, पेन्टिंग का कार्य किया गया है। परियोजना निदेशक, आर.एस.आर.डी.सी. ने बताया कि सड़क चौडाईकरण आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा किया जा रहा है, जिसमें डी.बी.एम. की प्रथम लेयर का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि टीटी जैड प्राधिकरण आगरा के निर्देशों की पालना में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं सैन्ट्रल एमपॉवर्ड कमेटी के माध्यम से पेड़ों के पातन हेतु स्वीकृति ली जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा वन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण एवं पेड़ों की गणना कर प्रकरण माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में राजकीय अधिवक्ता के माध्यम से 18 दिसम्बर 2024 को प्रार्थना-पत्र मय समस्त दस्तावेज प्रस्तुत किये जा चुके हैं। जिसकी स्वीकृति की कार्यवाही निरन्तर प्रक्रियाधीन है।

सेवानिवृत अध्यापक ने हाई स्कूल में करवाया अध्ययन कक्ष का निर्माण, विद्यालय परिवार ने किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना उपखंड के गांव सीदपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गांव निवासी भामाशाह एवं सेवा निवृत अध्यापक कपूर चंद्र गर्ग की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अध्ययन कक्ष का निर्माण कराया गया है। क्योंकि छात्र-छात्राओं खुले में बैठना पड़ता था। यह निर्माण विद्यालय के प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकों एवं ग्रामीण की ओर से प्रेरित किए जाने पर कराया गया बताया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बहादुर सिंह ने बताया कि इस कक्षा कक्ष के निर्माण पर लगभग सवा तीन लाख रुपए का व्यय आया है। विद्यालय में नवीन कक्षा कक्ष के निर्माण से विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिल सकेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस परोपकारी कार्य के लिए भामाशाह कपूर चंद्र गर्ग को विद्यालय परिवार की ओर से साफा माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया है।

गरीबो की छोटी-छोटी घूमटियों, ठेलो को हटाकर कर ली इति श्री जबकि पक्षॉल रोड लाइन्स के अवैध रूप से हज़ारो फ़ीट पर पक्का टीन शेड पर कोई कार्यवाही नहीं करना बनी पहेली

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। निंबाहेड़ा में नगर पालिका प्रशासन ने शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पालिका प्रशासन ने बस स्टैंड, मंडी चौराहा और जेके मैरिज हाल के पास से अवैध रूप से बनी चाय की होटलों, घूमटियों और ठेले-तों को हटा दिया है, जो गरीबों के आशियाने थे। लेकिन सवाल यह उठता है कि जेके मैरिज हाल के पास बने पक्के टीन शेड को क्यों नहीं हटाया गया, जो कि पक्षॉल रोड लाइन्स के तहत हजारों फीट में फैले हुए हैं? ये टीन शेड सड़क के बीचों-बीच बने हैं और इनकी वजह से सड़क की चौड़ाई कम हो रही है। वहीं, पक्षॉल रोड लाइन्स की बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी बीच सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। इन अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ प्रशासन का रवैया सवालों के घेरे में है। जेके चौराहा पर कंचन रिसोर्ट के लिए बनाए गए स्वागत द्वार के सामने भी अतिक्रमण हो रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह स्थिति पूरी शहर में चर्चा का विषय बन चुकी है। क्या प्रशासन सिर्फ गरीबों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, या फिर बिना भेदभाव के बड़े व्यापारियों और अन्य अतिक्रमणकर्ताओं पर भी सख्त कार्रवाई करेगा? मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले ही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए सड़क की नियमित मॉनिटरिंग करने और अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की बात कही थी। इसके अलावा, उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। फिर भी, निंबाहेड़ा में जेके चौराहा से लेकर लक्ष्मीपुरा तक सड़क के दोनों ओर बड़े-बड़े ट्रक और बलकर खड़े रहते हैं। इसके कारण न केवल सड़क की चौड़ाई कम हो रही है, बल्कि धूल और मिट्टी उड़ने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी के साथ, कई बार दोपहिया वाहनधारियों के लिए सड़क पर चलना भी मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर धूल-मिट्टी उड़ने से आगे चलने वाली गाड़ियां दिखाई नहीं देतीं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने पहले ही यह निर्देश दिया था कि सड़क पर किसी भी वाहन की अवैध पार्किंग नहीं होनी चाहिए, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

अंततः सवाल यह है कि कब तक निंबाहेड़ा की सड़कें इन अवैध पार्किंगों से मुक्त होंगी, और कब तक इन बड़ी गाड़ियों द्वारा सड़क के बीचों-बीच की जाने वाली अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की जाएगी? इस मुद्दे पर कोई भी निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसी संबंध में, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली से संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

गुर्जर समाज ने निकाली शोभायात्रा

कोटा की घोड़ीमा और आगरा की कच्ची घोड़ी बनी आकर्षण का केंद्र

नगर धार्मिक सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (सुरेश मोमिया)। झालरापाटन झालरापाटन में गुर्जर समाज ने भगवान देवनारायण जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। समाज की ओर से लंका दरवाजा से भव्य शोभा यात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा ने शहर के सभी मुख्य मार्गो से गुजरी। शोभा यात्रा गुर्जर मोहल्ला से होते हुए सेठों का चौराहा, स्वर्ण पथ और नगर पालिका से होकर द्वारिकाधीश प्रांगण तक पहुंची। यहां महिलाओं ने गोमती सागर तालाब से पवित्र कलश भरे। इसके बाद यात्रा चौपड़िया बाजार, सूर्य मंदिर और ईमली दरवाजा होते हुए विज्ञान पार्क के पास स्थित देवनारायण मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में युवक-युवतियों भजनों पर नृत्य और भगवान देवनारायण की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में कोटा की विशेष प्रशिक्षित घोड़ीमा, आगरा की कच्ची घोड़ी, मथुरा-वृंदावन की गुलाब की होली, सामूहिक राधे कृष्णा नृत्य और बूंदी की बिंदोरी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में राजनीतिक, धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुर्जर समाज के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी झालरापाटन पहुंचे। शोभा यात्रा का त्रिवेणी बालाजी मंदिर सेवा समिति के सदस्यों, पदाधिकारीयों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस अवसर पर सत्यनारायण राठौर, मुकेश खामोरा, लाल राठौर ,मांगीलाल शर्मा, दिनेश सोनी, खूबचंद पांचाल, कल्याण मल मित्तल, नंदा राठौर, पिंटू मित्तल ,नरेंद्र पांचाल, गंगाराम आदि शामिल रहे। शोभा यात्रा का श्री बरडी के बालाजी सेवा समिति के कार्यकर्ता ने पुष्प वर्षा कर की जिसमें भाजपा के जिला मंत्री व पुर्व पालिका अध्यक्ष डा राजेश शर्मा, राजेंद्र सिंह बना, फतेह सिंह बाफना, मानक राठौर, सत्येंद्र चतुर्वेदी, नवीन जैन, राजेंद्र मीडिया, निर्मल दुआ, रामेश्वर गुरु जी, नवीन कारपेंटर, आराध्या शर्मा, वात्सल्य शर्मा, गुड्डा सेन, बलराज सोनी, सुनील सोनी, मनोज पाटीदार आदि उपस्थित है।

असनावर कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ब्लॉक अकलेरा कि मीटिंग का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़/असनावर (सुरेश मोमिया)। असनावर क्षेत्र के खाडियामिल चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड अकलेरा की मीटिंग रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि मनोहरथाना विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेमीचंद मीणा, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष डॉ नंदसिह राठौड़ रहे, विशिष्ट अतिथि अकलेरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष बालचंद यादव जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य प्रशिक्षक सुरेश राठौर डूंगरगांव जनपद रामप्रसाद राठौर रहे। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड अब्दुल नईम पठान उर्फ लक्की ने की वहीं संचालन कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड कोषाध्यक्ष सुरेश टेलर ने किया वहीं अतिथियों का स्वागत ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल यंग बिग्रेड अकलेरा रामस्वरूप मेघवाल के द्वारा सूत की माला ओर टोपी पहनाकर किया गया और अतिथियों के द्वारा कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ब्लॉक अकलेरा की नवनियुक्त कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि नेमीचंद मीणा ने बताया कि कांग्रेस सेवादल एवं यंग ब्रिगेड जिले में सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं वहीं जबसे सेवादल यंग बिग्रेड जिलाध्यक्ष पद पर नईम पठान की नियुक्ति हुई है तब से कांग्रेस सेवादल में उर्जा का संचार हुआ है और गांव गांव तक कांग्रेस सेवादल संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है । कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष डॉ नन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस सेवादल को जिले में और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए एक गांव एक रात प्रोग्राम अति शीघ्र शुरू किया जाएगा, यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अब्दुल नईम पठान ने बताया कि हमारा संगठन मजबूत था पर इसको ओर मजबूत बनाने के लिए हम सभी अग्रसर हैं और आगामी चुनाव में हम मजबूती से कांग्रेस का सहयोग करने के लिए तैयार है ।

अवैध खनन में ट्रेक्टर जप्त, मदिरा के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भुसावर थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा एवं भुसावर व्रत अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा के निकट सुपरवीजन में भुसावर थानाधिकारी नरेश चन्द शर्मा ने टीम गठित कर थाना क्षेत्र के निठार गाँव के हनुमान मंदिर के पास अवैध रूप से मदिरा बेचते हुए 55 पब्बा देशी मदिरा घूमर के साथ समय सिंह 55 पुत्र रूपी जाटव निवासी दयापुर थाना भुसावर को गिरफ्तार किया है।

अवैध खनन मे चालक फरार ट्रक्टर जप्त : थानाधिकारी नरेश चन्द शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही में चालक खण्डा पत्थर से भरे हुए बिना नम्बरी ट्रक्टर को छोड़कर भाग गया जिसे जप्त किया गया है।

अधिकारी गलत आंकड़े बता रहे जबकि 10 प्रतिशत पौधे ही है जीवित - सुरेश गुर्जर

पौधारोपण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला विधानसभा में उठाया

बढ़ता राजस्थान



झालावाड़ (नि.स.)। खानपुर-बकानी विधायक सुरेश गुर्जर ने गुरुवार को विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से झालावाड़ जिले में पौधारोपण को लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही का मुद्दा उठाया।

विधायक सुरेश गुर्जर ने सदन में पूरक प्रश्न पूछते हुये सरकार के जवाब पर असंतुश्टी जताई और कहॉ कि जीवित पौधों की झालावाड़ जिले में जो संख्या बताई वो वास्तविकता से परे है । सरकार ने जवाब दिया है कि पांच साल में 26 लाख से अधिक पौधे लगाएं जिसमें 18 लाख पौधे जीवित है । करीब 8 लाख पौधे खराब हो गए है । लगभग 13 करोड़ से ज्यादा की राशि पौधों के वृक्षारोपण में खर्च की गई है। विधायक सुरेश गुर्जर ने विधानसभा में आपत्ति जताते हुए कहॉ कि अधिकारियों ने गलत आंकड़े भेजे है। जबकि मात्र 10 प्रतिशत पौधे ही अभी वर्तमान में जीवित है । विधायक सुरेश गुर्जर ने फिर अपनी बात दोहराते हुए पूरक प्रश्न किया कि सरकार द्वारा प्लांटेशन में पौधे लगाने के बाद उनकी सुरक्षा और देखभाल सही तरीके से हो इसके लिए अधिकारियों द्वारा किस प्रकार से निरीक्षण किए जाते है। यदि हां तो फिर इतनी बड़ी संख्या में पौधे खराब होने के क्या कारण है । विधायक सुरेश गुर्जर ने बड़ी संख्या में पौधों के खराबे को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहां की क्या सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है । वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने जवाब दिया कि समय-समय पर हमारे अधिकारियों व थर्ड पार्टी ऑडिटेशन हमारे विभाग द्वारा जांच की जाती है। वही इस वर्ष हम पौधारोपण की तीन प्रकार की जांच एजेंसियों से जांच करवाएंगे मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि इन तीन प्रकार की जांच एजेंसियों से हम संभागवार जांच करवाएंगे। विधायक सुरेश गुर्जर को वन मंत्री संजय शर्मा ने आश्वस्त किया कि आप हमें बता दे कि और भी कोई जांच एजेंसी हो जिससे आप संतुष्ट हो उससे भी हम जांच करवा लेंगे साथ ही वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि आगे से जितने पौधे लगाएं जाएंगे उनमें से 85 / 90 प्रतिशत पौधे सुरक्षित रहेंगे मैं यह आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं । उसके बाद विधायक सुरेश गुर्जर ने वन राज्य मंत्री संजय शर्मा से दूसरा पूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि मेरी खानपुर विधानसभा में तारज गांव में आयुर्वेदिक औषधियों के दो प्लांटेशन लगाएं गए थे। उनमें एक भी आयुर्वेदिक पौधा जीवित नहीं है। उनके लिए जो सुरक्षा दीवार बनाई थी, उसको भी रेंजर की मिलीभगत से अवैध पत्थर व रेत काम में ली गई , तथा बाद में वो दिवारे भी टूट गई है। विधायक सुरेश गुर्जर ने सदन में कहा कि मंत्री जी मैं आपको मान जाऊंगा आप तो जांच करवा ले कितने पौधे जीवित है ?और कितने मृत ? इस प्रश्न पर सदन में गहमा गहमी का माहौल हो गया तथा वन राज्य मंत्री संजय शर्मा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच भी तीखी बहस हुई ।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का टूल कीट पाकर भादसोड़ा के लाभार्थी का चेहरा खिला

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मिले टूल कीट में विभिन्न आवश्यक वस्तुएं पाकर लाभार्थी कारपेंटर का चेहरा खिल उठा। जानकारी अनुसार उपखंड क्षेत्र कपासन के ग्राम भादसोड़ा निवासी लाभार्थी कारपेंटर प्रहलाद जांगिड़ को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत टूल कीट मिला है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में ट्रेनिंग समाप्त होने के बाद पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को टूल कीट प्रदान किया जाता हैं।जिसके अंतर्गत लाभार्थी भादसोड़ा निवासी कारपेंटर प्रहलाद जांगिड़ को इंडिया पोस्ट के माध्यम से मिले गुरुवार को उक्त प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का टूल कीट प्राप्त हुआ।

जिसमे इलेक्ट्रिक प्लेनर, इलेक्ट्रिक हैंड कटर, इलेक्ट्रिक ट्रीमर, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन सेट, एक्सटेंशन बोर्ड, ईयर प्लग, ग्लव्स, सेफ्टी चश्मा आदि सामग्री सम्मिलित हैं।

दाधीच समाज ने मां दधिमती माताजी मंदिर पर प्राकट्य उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (नि.स.)। दाधीच समाज ने मां दधिमती माताजी मंदिर पर प्राकट्य उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। मां दधिमती प्राकट्य महोत्सव माघ शुक्ल अष्टमी के दिन मनाया जाता है. इस दिन मंदिर में धूमधाम से प्राकट्य उत्सव समाज के महिला पुरुषों द्वारा मनाया जाता है. इस उत्सव में समाज द्वारा कई धार्मिक कार्य किए गए ।

समाज के जिला अध्यक्ष अशोक दाधीच एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वाति दाधीच द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां दधिमती की पूजा अर्चना की माता को महिला मंडल की ओर से चुनरी ओढ़ाई गई कार्यक्रम बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया ।

समाज प्रवक्ता अनंत दाधीच ने प्राकट्य उत्सव पर वर्णन करते हुवे बताया की दधिमती माता महर्षि दधीचि ऋषि की बहन थी, दधिमती माता को लक्ष्मी जी का अवतार भी माना गया है। दधिमती माता को दाधीच समाज कुलदेवी के रूप में पूजते हे। कार्यक्रम के समापन पर महा आरती की गई ।

जिसमें समाज के महिला पुरुष एकत्रित रहे।

मनीष मीणा हत्याकांड मामले में परिवार जनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर आज से आमरण अनशन शुरू

माता-पिता सहित सर्व समाज के 19 जने बैठे आमरण अनशन पर

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। बूंदी में 28 दिनों से चल रहे मनीष मीणा हत्याकांड मामले में परिवार जनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर धरना जारी है , लेकिन प्रशासन और सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई तो गुरुवार से सर्व समाज द्वारा दिया जा रहा धरना आमरण अनशन में बदल दिया गया। स्व.मनीष मीणा की माँ गायत्री बाई, पिता रामलक्ष्मण मीणा,मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा, आप जिलाध्यक्ष डॉ किशनलाल मीणा सहित 19 लोग आमरण अनशन पर बैठे। चार महिलाये भी आमरण अनशन पर बैठी हैं। उलेड़ा के पूर्व सरपंच किशनलाल सैनी,पूर्व सरपंच नेमीचन्द वर्मा, नया गांव उपसरपंच मदनलाल गुर्जर, ग्रामीण छात्र नेता नीरज मीणा करजुना, समाजसेवी पप्पूलाल मीणा, हरिओम मीणा, धन्नालाल मीणा, टोनू मीणा, सोहनलाल मीणा, रामदेव मीणा, हजारी बाई, बच्ची बाई, मीरा बाई आमरण अनशन पर बैठे। मीणा समाज के कोषाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा कोथ्या,पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,मीणा समाज के सचिव रामस्वरूप मीणा रुपनगर व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा ने माल्यार्पण कर सभी को अनशनकारियों को अनशन पर बैठाया। उनका कहना था कि जब तक सरकार कोई सुनवाई नहीं करेगी जब तक यह आमरण अनसन जारी रहेगा।

श्री सुधासागर स्कूल में श्रद्धा व भक्ति से मनाया प्रख्यात संत आचार्य विद्यासागरजी का प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव

बच्चों ने संगीतमय नृत्य नाटिका से किया मंत्रमुग्ध, चढ़ाए अष्टद्रव्यों के अर्घ्य

समूचे राष्ट्र के पूजनीय संत थे अपराजेय साधक आचार्य विद्यासागरजी

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल में प्रख्यात संत दिवंगत दिगम्बर जैन आचार्य महाश्रमण विद्यासागरजी महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने आचार्यश्री के सम्पूर्ण जीवन चरित पर एक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों को अभिभूत कर दिया। बालक बालिकाओं ने संगीतमय पूजन करते हुए भक्ति नृत्य के साथ आचार्यश्री के मनोहारी चित्र के सम्मुख अष्टद्रव्यों के अर्घ्य अर्पित कर महोत्सव का उपसंहार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिगम्बर जैन समाज के संरक्षक कैलाशचंद सोनी, अध्यक्ष भंवरलाल बज, संस्था अध्यक्ष संजय कटारिया, सचिव आनंद सोनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद बाकलीवाल, समाज श्रेष्ठी सचिन गदिया, अरिहंत बज, समिति सदस्य विनोद पाटनी व सुकेश गंगवाल आदि अतिथियों ने आचार्य विद्यासागरजी महाराज के मनोहारी चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया। तत्पश्चात कक्षा आठ की छात्राओं ने भक्ति नृत्य व मंगलाचरण से महोत्सव की शुरुआत की। केजी सेक्शन के नन्हें मुन्हें बच्चों ने कर्णप्रिय भजन हीरे को परख लिया आचार्य ज्ञानसागर ने प्रस्तुत किया। भव्य मंच, मधुर संगीत, प्रभावशाली शब्द संरचना व कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति ने दर्शकों को एकटक कार्यक्रम देखने को मजबूर कर दिया। इसके बाद सभी अतिथियों ने कक्षा छह व सात के विद्यार्थियो के साथ आचार्य गुरु की विधि विधान पूर्वक पूजन की। पूजन में आचार्यश्री के चित्र के सम्मुख अष्टद्रव्य जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल के अर्घ्य चढ़ाए गए। अर्घ्य समर्पण करने की यह प्रस्तुति बच्चों द्वारा भक्ति नृत्य करते हुए दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणों ने भी सामूहिक भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कैलाशचंद सोनी, भंवरलाल बज, संजय कटारिया, आनंद सोनी व अजय जैन ने अपने संबोधन में आचार्य विद्यासागर जी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर जी एक दिव्य पुरुष थे, जिनके जीवन का हर हिस्सा समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उनकी तप साधना एक मिसाल है, जो प्रकृति में सुगंध की तरह महक रही है। वक्ताओं ने अपराजेय साधना से देदीप्यमान आचार्य विद्यासागरजी के जीवन चरित का गुणगान करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। प्रारम्भ में निदेशक अजय जैन, प्रधानाचार्य एस एन खंडेलवाल, उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा व विद्यालय के शिक्षकगणों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन आचार्य विद्यासागरजी महाराज की मंगल आरती से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आजाद शर्मा ने किया।

कामखेड़ा बालाजी धाम पर शुरू हुआ पांच दिवसीय महायज्ञ

भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ, 10 फरवरी तक चलेंगे धार्मिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (सुरेश मोमिया)। झालावाड़ जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कामखेड़ा बालाजी धाम पर पांच दिवसीय महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। श्री राम जानकी मंदिर से निकली कलश यात्रा हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर और राम मंदिर होते हुए मुख्य बाजारों से गुजरती हुई यज्ञशाला पहुंची। यज्ञाचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर जी के विमान और कलश का पूजन-अर्चन किया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में घोड़ी नृत्य और आतिशबाजी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

इस धार्मिक आयोजन में श्री तेजाजी महाराज, श्री ताखा जी महाराज और भगवान देवनारायण तथा शंकर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का विशेष कार्यक्रम 6 से 10 फरवरी तक चलेगा। प्रतिदिन रात 8 बजे से 12 बजे तक तेजाजी खेल का विशेष आयोजन होगा। समापन 10 फरवरी सोमवार को महारुद्र अभिषेक, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और महाप्रसादी के साथ किया जाएगा। इस मौके पर डारेक्टर रामस्वरूप दाधीच व्याख्याता मधूसुदन मीणा बबलू मीणा खजान नागर माणक चन्द मीणा बंशी नागर बबलू नागर सहित स्थानीय निवासियों एवं आसपास के क्षेत्र वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

तीन दिवसीय राहोली फेस्टिवल का आगाज

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में तीन दिवसीय राहोली फेस्टिवल का आगाज हुआ। पीईईओ व डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया की कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ.संतोष शर्मा का विधिक जागरूकता पर व्याख्यान हुआ तथा डॉ. के.एन.मोदी विश्वविद्यालय निवाई की ओर से विधिक जागरूकता आधारित नाटक का मंचन हुआ।

इसके साथ ही साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर विनय वर्मा,हिन्दी का संसार विषय पर ललिता महावर, विज्ञान का संसार विषय पर पूजा पाटीदार का व्याख्यान हुआ। राहोली फेस्टिवल

संयोजक संजय व्यास ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय निवाई के सहयोग से टीचिंग लर्निंग मेटेरियल पर शिक्षकों व विद्यार्थियों के वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। फेस्टिवल के दूसरे दिवस 7फरवरी को स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ होगा जिसका उद्घाटन मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.पवन कुमार हाथीवाल करेंगे तथा डॉ.मुकेश सामोता, डॉ.नीलम बरूना,डॉ.नितिन सैनी की टीम बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। इसी दिन स्वच्छता व स्वास्थ्य विषय पर चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता के साथ-साथ काव्य पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

7 फरवरी को ही डेमो स्टोर, खेलकूद, व्यायाम, आत्मरक्षा के प्रतिभागियों के द्वारा प्रस्तुती दि जाएगी। राहोली फेस्टिवल के तृतीय दिवस 8 फरवरी को विज्ञान सम्भावनाओं के मार्ग और उज्जवल भविष्य की राह पर डॉ.रीना सक्सेना,डॉ.विनीत शर्मा का व्याख्यान होगा। इसी दिन पूर्व छात्र स्नेह मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम,पुरस्कार वितरण व समापन समारोह आयोजित होगा।

दो बदमाशों की खुली हिस्ट्रीशीट 2 जुआरियों को किया जिला बदर, गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश और एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में राजस्थान गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत दो जुआरियों को जिला बदर किया गया है। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार बसेड़ी निवासी भगवान सिंह (38) और धौलपुर के दीपक को 10 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक जिले से बाहर रहने का निर्देश दिया गया है। इस अवधि में दोनों को भरतपुर में रहकर नियमित रूप से वहां के एसपी के समक्ष उपस्थिति दर्ज करानी होगी। दोनों आरोपी बार-बार जुआ-सट्टा खेलते पकड़े गए थे और न्यायालय से दंडित होने के बावजूद अपनी अवैध गतिविधियां जारी रखे हुए थे। साथ ही एसपी मेहरड़ा ने राजस्थान पुलिस नियम 1965 के अंतर्गत दो खतरनाक अपराधियों की 'ए' श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोली है। निहालगंज के अकरम और सरमथुरा के राजवीर पर मारपीट, हत्या का प्रयास, अपहरण और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार ये दोनों अपराधी समाज में कुख्यात हैं और लगातार गंभीर अपराध करते रहे हैं।

20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से डेढ़ लाख की लूट में था वांछित, लूट का माल बरामद

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट के मामले में 7 महीने से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जीतेंद्र उर्फ जीतू (24) के रूप में हुई है, जो भरतपुर जिले के चैनपुरा का रहने वाला है। मामला पिछले साल 30 जुलाई का है, जब भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर राजेश गुर्जर लोन की किस्तें वसूलने के बाद हीरापुरा से बसेड़ी जा रहे थे। रास्ते में दो बदमाशों ने मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया और कट्टे की बट से सिर में वार कर बेहोश कर दिया। बदमाशों ने उनके बैग से 1.50 लाख रुपए, बायोमैट्रिक टैब और अन्य दस्तावेज लूट लिए। पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपी जीतेंद्र को गिरफ्तार किया। इस मामले में पहले ही रामनाथ गुर्जर, प्रवीन और सोनू गुर्जर को गिरफ्तार किया जा चुका था। जीतेंद्र की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया 315 बोर का अवैध देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल और लूट की रकम बरामद की है। आरोपी के खिलाफ धारा 309 (6), 111, 3(5) बीएनएस और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर,(नि.स.)। जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई। प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त एवं समिति के सदस्य सचिव रामप्रकाश ने राज्य झील विकास प्राधिकरण के तहत अधिसूचित झीलों के बारे में अवगत कराया। बैठक में जयसमंद झील के संरक्षण के लिए जल संसाधन विभाग के माध्यम से तैयार कराए गए प्रस्तावों पर चर्चा की। जिला कलक्टर श्री मेहता ने संबंधित परिपत्रों का विस्तृत अध्ययन करने के पश्चात इस संबंध में निर्णय लिए जाने की बात कही। बैठक में फतहसागर और पिछोला में होटल व्यवसायियों की ओर से यात्रियों के परिवहन के लिए संचालित नावों को इलेक्ट्रीक अथवा सोलर से संचालित किए जाने के बिन्दु पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त को संबंधित स्टैकहॉल्डर की बैठक लेकर इस संबंध में सभी तथ्यों पर चर्चा कर अवगत कराने के निर्देश दिए। नाव संचालन की समय-सीमा के बिन्दु पर भी जिला कलक्टर ने सभी परिपत्रों, आदेशों का अच्छी तरह से अध्ययन किए जाने के बाद ही निर्णय करने की बात कही। बैठक में फतहसागर और पिछोला झीलों से हो रही आय का लेखा-जोखा समिति को प्रस्तुत किए जाने, झीलों के संरक्षण के लिए अपेक्षित कार्य आदि बिन्दुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना, प्रदूषण नियंत्रण मंडल से पायल पंचौली, अतिरिक्त निदेशक मत्स्य डॉ दीपिका पालीवाल, जल संसाधन विभाग सलूम्बर के अधिशासी अभियंता प्रतीक चौधरी, नगर निगम के अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) लखनलाल बैरवा आदि उपस्थित रहे।

सथूर में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

बूंदी, 6 फरवरी। एग्री स्टैक योजना के तहत आयोजित हो रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर का गुरुवार को सथूर में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने शिविर प्रभारी से पोर्टल में आ रही समस्या के बारे में जानकारी ली और उनका निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। शिविर में चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग एवं जेवीवीएनएल ने अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। इस दौरान संबंधित विभागों ने स्टॉल भी लगाई। अभियान के नोडल प्रभारी ने बताया कि दूसरे दिन तक खटकड़ शिविर में 85, सिलोर में 120, बंरूधन में 82, बांसी में 89, सथूर में 66, चितावा में 95 मोहनपुरा में 103 किसानों के रजिस्ट्रेशन हुए। इस तरह अब तक कुल 640 किसानों के रजिस्ट्रेशन जा किए जा चुके है।

भामाशाह भैराराम कड़वासरा द्वारा विद्यालय में एक हॉल भेंट

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर(सुरेश लाटा)। सांवर निवासी भामाशाह भैराराम कड़वासरा सुपुत्र स्व. कालूराम कड़वासरा के दो सुपुत्रों आयुष कड़वासरा व अमन कड़वासरा की शादी बिल्यू बास रामपुरा में प्यारेलाल पूनिया की पुत्रियों माया व मोनिका के साथ दिनांक 02 फरवरी 2025 को सम्पन्न हुई। भैराराम कड़वासरा द्वारा दहेज में एक रुपया व नारियल स्वीकार किया ओर अपने सुपुत्रों के विवाह के उपलक्ष्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिल्यू बास रामपुरा में एक हॉल भेंट(20*25) किया गया। इस मौके पर बिल्यू बास रामपुरा के गणमान्य जन श्योकरण पूनिया , जोतराम पूनिया , हरिकरण पूनिया, रामेश्वर पुनिया , शीशपाल पूनिया , बनवारी लाल पूनिया , मोहरसिंह पूनिया , प्यारेलाल पूनिया , लालचंद पूनिया, दौलतराम पूनिया , कृष्ण पूनिया , मुखराम पूनिया , सुल्तान पूनिया , हरिराम पूनिया , मेहरचंद पूनिया , जगदीश पूनिया, मूलाराम सुथार , विद्याधर मेघवाल ,ओर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती चंदा पूनिया, डूंगरमल सहारण, जयसिंह, नरेंद्र, गुरुदत सिंह, विकास कुमार आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद था । भामाशाह भैराराम कड़वासरा द्वारा विद्यालय के अध्यापक डूंगरमल सहारण के सहयोग से इस निर्माण कार्य के लिए चार लाख रुपए की राशि ज्ञान संकल्प पोर्टल पर दिनांक 05 फरवरी 2025 को जमा करवा दी है ।

मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक को मिला आदर्श पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शिक्षा मंत्रालय माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग (भारत सरकार) संलग्न संस्था अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास समिति मुंबई द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी को गोल्ड मेडल के साथ आदर्श प्रधानाचार्य पुरस्कार एवं वरिष्ठ अध्यापक रमेश चंद मीणा को भी गोल्ड मेडल के साथ आदर्श अध्यापक पुरस्कार को विद्यालय के कार्यक्रम में माननीय विधायक महोदय श्रीमान रामसहाय वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह पुरस्कार अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में स्थानीय विद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें से स्थानीय विद्यालय के चार विद्यार्थियों (टीना गंगवाल प्रिया धोबी लहर जैन और गरिमा जाट) द्वारा संपूर्ण देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इन विद्यार्थियों को मुंबई स्थित संस्था द्वारा गोल्ड मेडल और राष्ट्रभाषा भाषा भूषण पुरस्कार एवं प्रधानाचार्य और वरिष्ठ अध्यापक को आदर्श पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार, चालक हुआ घायल

बढ़ता राजस्थान

रामगंजमंडी (रवि जोशी)। रामगंजमंडी कुदायला पुलिया पर बुधवार देर रात पाटन से रामगंजमंडी की ओर आ रही एक कार कुदायला पुलिया पर बेकाबू होकर खाई में जा गिरी । ये घटना सुकेत रोड़ कुदायला पुलिया पर हुई कार में लगे एयरबैग के खुलने से कार चालक की जान बच गई हालांकि वो घायल हो गए । हादसे में घायल हुए कार चालक की पहचान एचडीएफसी बैंक मैनेजर के रूप में हुई । स्थानीय लोगों ने बताया कि कार तेज गति से जा रही थी और मोड़ पर अनियंत्रित हो गई जिससे कार चालक का संतुलन बिगड़ गया जिस कारण हादसा हुआ घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया वहीं मौके पर पहुंची क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया।

नाश्ता करने आये दो बुजुर्ग मिठाई की दुकान से चुरा ले गए चाबियों का बैग, घटना सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद, पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। शहर के रेलवे फाटक के पास एक मिष्ठान की दुकान में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। नाश्ता करने आए दो ग्रामीण बुजुर्ग उक्त चोरी की वारदात करते दिखाई दिए हैं। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें दो चोर दुकान में रखे एक बैग को चुराकर ले गए हैं। ऐसे में घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार सत्यराम सिंह चौहान पुत्र बच्चू सिंह चौहान ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है साथ में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार सत्यराम सिंह चौहान के बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को दिन में उनकी चौहान मिष्ठान भंडार की दुकान पर दो बुजुर्ग नाश्ता करने आए थे। जो अंदर बैठकर नाश्ता कर रहे थे । इस दौरान उन्होंने दुकान की अलमारी में रखा एक बैग चुरा लिया। उक्त बैग की चोरी की घटना का उन्हें कोई पता नहीं लगा। रात को दुकान बंद करते समय जब चाबी तलाशी और बैग को देखा तो वह नहीं मिला। इस पर आसपास देखने पर भी जब वह कहीं दिखाई नहीं दिया तो सीसीटीवी फुटेज देखे तो घटना का खुलासा हुआ। जिनमें दिन में एक से दो बजे के बीच में उक्त दो बुजुर्ग व्यक्ति जो दुकान के अंदर बैठकर नाश्ता कर रहे थे वे बैग को उठाकर लेकर जाते दिखाई दिए हैं। उस बैग में दुकान की बड़े शटरो की चाबियां रखी हुई थी। इसके अलावा कुछ नहीं था। बैग चोरी की घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार सत्यराम सिंह चौहान ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। कोतवाली पुलिस अब चोरों की तलाश में जुटी है।

धौलपुर डीटीओ में 4 दिन से काम बंद, लोग परेशान

पुलिस और परिवहन विभाग का विवाद गहराया, सरकार को 1 करोड़ का घाटा

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में पुलिस और परिवहन विभाग के बीच चल रहे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। दो ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टरों को मनियां थाने में हिरासत में लेने के विरोध में परिवहन विभाग के कर्मचारी पिछले चार दिनों से हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल में परिवहन सेवा परिषद और मंत्रालयिक कर्मचारी भी शामिल हो गए हैं।

हड़ताल के कारण जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) में लाइसेंस, वाहन पंजीयन सहित सभी राजस्व संबंधी कार्य ठप पड़े हैं। धौलपुर जिले में प्रतिदिन 30 लाख रुपए से अधिक का राजस्व नुकसान हो रहा है। चार दिनों में यह नुकसान एक करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया है।

विभाग के कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप अपने सरकारी वाहनों को कार्यालय में ही जमा कर दिया है। मामले में एक नया मोड़ तब आया जब सामाजिक चेतना एवं विकास

संस्थान ने पुलिस के समर्थन में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संस्था का कहना है कि एसपी द्वारा की गई कार्रवाई उचित थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा हाईवे पर चेक पोस्ट की व्यवस्था समाप्त करने के बावजूद परिवहन विभाग के अधिकारी अवैध रूप से चेक पोस्ट लगा रहे हैं।परिवहन विभाग के प्रदेश स्तरीय अधिकारियों ने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। विवाद के शीघ्र समाधान की आवश्यकता है, क्योंकि इससे न केवल राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत समिति स्तर पर नंदी शाला की स्थापना के आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर नंदीशाला की स्थापना के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जिले की 7 पंचायत समिति में नंदी शाला स्थापना के लिए सोमवार, 17 फरवरी तक नियमों में शिथिलता देते हुए संशोधित दिशा-निर्देशों के साथ आवेदन आमंत्रित किए गए है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने बताया कि नवीन नियमों के तहत 20 बीघा भूमि की जगह स्वयं, सरकारी लीज एवं आवंटन की 10 बीघा एवं 16 हजार वर्ग मीटर भूमि होने पर संस्था की ओर से नंदीशाला खोली जा सकेगी। साथ ही, तीन साल पुराना पंजीकरण भी आवश्यक नहीं होगा। नई पंजीकृत संस्थाएं भी आवेदन कर सकेगी। संस्थाओं द्वारा बंद लिफाफे में ऑफलाईन आवेदन किये जा सकेगे। पहले 2 प्रतिशत बोली प्रतिभूति राशि एवं 2.5 प्रतिशत कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा करने का प्रावधान था अब प्रतिभूति घोषणा एवं कार्य संपादन प्रतिभूति घोषणा पत्र दिया जा सकेगा। संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने बताया कि जिले में पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला में कम से कम 250 नर गोवंश रखने होंगे।

संबंधित चयनित संस्था द्वारा इनकी देखभाल न्यूनतम 20 वर्षों तक करनी होगी। गोपालन विभाग की ओर से 3 वर्ष से छोटे गौवंश को 20 रुपये व 3 वर्ष से बड़े गौवंश को 40 रुपये प्रतिदिन सहायता राशि प्रतिवर्ष 9 माह के लिए दी जाएगी।

माघ महीने के गुप्त नवरात्र में माता रानी की शतचंडी पाठ के समापन पर भंडारा

कन्याओं को भोजन कराने के बाद हजारों लोगो ने पाई प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के आस्था के केंद्र राज्य राजेश्वरी कैला माता मंदिर पर माघ महीने के गुप्त नवरात्र में हुए शतचंडी पाठ एवं धार्मिक आयोजन के समापन पर गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में सबसे पहले कन्याओं को भोग लगाया और पूजा अर्चना की। इसके बाद लोगों के लिए भंडारे में प्रसादी बांटी गई। करीब दस हजार लोगों के लिए प्रसादी बनाई गई है। जिसमे लोगो का पहुचना सुबह 12 बजे से अनवरत जारी है। विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मंगल और महामंत्री रामकुमार चौधरी ने बताया कि माघ महीने के गुप्त नवरात्र में 30 जनवरी से मातारानी के मंदिर पर शतचंडी पाठ का आयोजन किया गया था। इस आयोजन के समापन पर रात्रि जागरण एवं फूल बंगला झांकी हुई। इसके बाद पूर्णाहुति यज्ञ हुआ जिसके बाद आज अंतिम दिन भंडारा रखा गया है। मां राज राजेश्वरी बाड़ी शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में आस्था का केंद्र हैं। ऐसे में शहर के लोगों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी प्रसादी ग्रहण करने मंदिर पहुंचे। ऐसे में मंदिर पर स्टॉल लगाकर प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी और शहर के अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी और महिला पदाधिकारी भी भंडारे में प्रसादी वितरण करने में सहयोग करते दिखाई दिए।

रामगंजमंडी में भव्य झंडा सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

रामगंजमंडी (रवि जोशी)। रामगंजमंडी शहर में पहली बार विशाल झंडा सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें रामगंजमंडी क्षेत्र और आसपास गांव से 70 भजन मंडलियों ने अपनी विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों से पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। शहर के स्टेशन चौराहा स्थित बालाजी मंदिर समिति की ओर से आयोजित हुए इस विशाल झंडा सम्मेलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम से पूर्व बालाजी मंदिर के पुजारी कपिल वैष्णव ने एक भजन पैदल चलकर आया तेरे द्वार में श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम है का विमोचन किया जिसे श्रद्धालुओं ने खूब प्रशंसा की झंडा यात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों में हनुमान और वानर सेना की झांकी आकर्षण का केंद्र रही शहर के विभिन्न हिस्सों में भजन प्रस्तुतियां और स्वागत के लिए मंच बनाए गए झंडा यात्रा का मार्ग स्टेशन चौराहे रामपथ मोहल्ला छोटे गोरधननाथ मंदिर बाजार नंबर 5 माल गोदाम चौराहा सरकारी कुआं चौराहा और पन्नालाल चौराहे तक रहा शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और भजन मंडलियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की विशेष रूप से मथुरालाल हलवाई द्वारा तैयार किया गया ।

आकर्षक मंच और गिरिराज धरण कृपा मंडल द्वारा सजाया गया मंच भी आकर्षण के केंद्र रहे । सभी भजन मंडलियों ने अपनी पहचान के लिए तख्तियां भी बनाई थीं इस तरह का पहला आयोजन होने से शहर में हर्षोल्लास का माहौल रहा गांव से आई भजन मंडलियों ने भजनों की एक के बाद एक प्रस्तुति वहीं बाजार नंबर 3 में 5 जगह मंच बनाकर मंडलियों को बुलाया गया वही झंडा सम्मेलन का आयोजन देर रात तक चलता रहा । माल गोदाम चौराहे पर कोटा स्टोन एसोसिएशन के सचिव अखिलेश मेडतवाल और भाजपा नेता नरेंद्र काला के द्वारा आरती की गई ।

सीवरेज से परेशान महिलाएं कलेक्टर के पास पहुंचीं, 2 महीने से जारी समस्या

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर नगर पारषद क वाड नबर 59 स्थित लाला विहार कॉलोनी के निवासियों ने सीवरेज की गंभीर समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो महीनों से सीवरेज लाइन बंद होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे पूरे इलाके में बदबू और गंदगी फैल गई है। स्थानीय निवासी महिला ममता ने बताया कि सीवरेज का पानी उल्टा घरों में आ रहा है, जिससे दीवारों में सीलन की समस्या पैदा हो गई है। इस समस्या से न केवल लोगों के स्वास्थ्य को खतरा है, बल्कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में फैली दुर्गंध के कारण रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या की शिकायत की, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

'भूल गया कि फिल्म के डायरेक्टर बोमन ईरानी हैं

अविनाश तिवारी बोले- उनके समर्पण ने सिखाया, 'द मेहता बॉयज' में काम करके गर्व महसूस हुआ

एक्टर से डायरेक्टर बने बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज' प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है। पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित इस फिल्म में अविनाश तिवारी ने बोमन ईरानी के बेटे की भूमिका निभाई है। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान अविनाश तिवारी ने बताया कि शूटिंग के दौरान वो भूल गए थे कि बोमन ईरानी फिल्म के डायरेक्टर हैं। फिल्म के प्रति उनके समर्पण को देखकर बाकी लोगों ने वैसा ही काम किया। इसलिए फिल्म अच्छी बनी है। यह फिल्म सिर्फ पिता-पुत्र की नहीं, बल्कि यह फिल्म इंसानी रिश्तों की कहानी है।

पेश है अविनाश तिवारी से हुई बातचीत के कुछ और खास अंश....

फिल्म 'द मेहता बॉयज' में आपको क्या खास बात नजर आई?

फिल्म का विषय तो हमेशा से काफी दिलचस्प रहा है। इंडियन सिनेमा का इतिहास रहा है कि फिल्मों में पिता-पुत्र के रिश्तों को खास तौर पर दिखाया जाता है। यह सिर्फ इंडियन सिनेमा में नहीं, बल्कि इंटरनेशनल सिनेमा में भी देखने को मिलता है।

इस फिल्म में पिता-पुत्र के बीच जिस तरह के रिश्ते को दिखाया गया है। वह बात मुझे बहुत खास लगी थी। इस फिल्म को बहुत ही खास नजरिए से लिखा गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे महसूस हुआ कि इस फिल्म का हिस्सा मुझे बनना है। मैंने जिंदगी में बहुत काम किया है और आगे करता रहूंगा। फिलहाल मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है।

इस फिल्म में आपने अमय का किरदार निभाया है। यह किरदार आपके निजी जीवन से कितना मेल खाता है?

फिल्म के लिए यह किरदार बहुत महत्वपूर्ण है। इस फिल्म की कहानी मुझे सिर्फ पिता-पुत्र की नहीं लगती है। बल्कि यह फिल्म इंसानी रिश्तों की कहानी है। रिश्तों में कम्यूनिकेशन, ईगो और अपनी बात को सही तरीके से ना पहुंचा पाने की समस्या होती है। उसे इसमें बहुत बखूबी तरह से पिता-पुत्र के रिश्ते के माध्यम से कहा गया है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं, जो परिवार के बंधन और सुलह जैसे विषयों को इतने सटीक तरीके से रखती है।

डायरेक्टर के रूप में बोमन ईरानी के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?

फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान मैं भूल गया कि बोमन सर फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। दरअसल, बोमन सर के साथ पहला सीन था जहां हम लोग एक दूसरे को सोने के लिए कहते हैं। इस सीन की रिहर्सल हमने डेढ़-दो महीने खूब की थी। शुरू के दो टेक तो हमने जो रिहर्सल की थी उसके हिसाब से बहुत अच्छा शूट हो गया। उसके बाद हम दोनों आपस में एक्टर के तौर पर डिस्कस कर रहे थे कि सीन कैसा शूट करना है।

जो फ्रीडम इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मिली, वैसी फ्रीडम आज तक किसी फिल्म की शूटिंग के दौरान नहीं मिली। बोमन सर का इस फिल्म में जो समर्पण देखने को मिला है, उसे देखकर हर किसी को लगता था कि उस लेवल तक कैसे काम करना है। इसलिए यह अच्छी फिल्म बन पाई है।

नोरा फतेही @ 33

डांस करने पर मां से मार पड़ी

10 लड़कियों संग फ्लैट शेयर किया, आज बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन हैं...

ये लाइनें नोरा फतेही की जिंदगी पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। एक वो दौर था कि नोरा कनाडा से महज पांच हजार रुपए लेकर मुंबई आई थीं और एक ये दौर है जब वो हर साल 2 करोड़ रुपए कमाती हैं। आज नोरा अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। उनके बर्थडे के मौके पर जानेंगे उनकी लाइफ से जुड़े कुछ अनसुने किस्से-

बचपन में बच्चे डांस का मजाक बनाते थे नोरा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 11 साल की थीं तो उन्हें स्कूल में ये कहकर चिढ़ाया जाता था कि वे बहुत पतली हैं और उनको डांस करना भी नहीं आता है। उन्होंने तभी सोच लिया था कि एक दिन सबको गलत साबित करना है।

एक्ट्रेस ने बताया कि वे स्कूल टाइम में ऐसी लड़कियों के ग्रुप में रहने की कोशिश करती थीं, जो बेहतर डांस करती थीं। नोरा ने कहा- मैं हमेशा उनको कॉपी करती थी, उनके डांस स्टेप्स ट्राय करती थी ताकि वो मुझे भी अपने ग्रुप में शामिल कर लें, लेकिन उन्होंने मुझे कभी एक्सेप्ट नहीं किया। मैंने सोचा कि मैं इनके लेवल का डांस ही नहीं कर पाती हूं।

डांस करने पर मां ने पिटाई की नोरा के लिए ये सफर आसान नहीं था। उनकी जिंदगी में कई मुश्किलें आईं। उनका जन्म रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। मां-बाप को उनके डांस करने पर आपत्ति थी, लेकिन नोरा ने मानो ठान लिया था कि वे डांसर बन कर रहेंगी।

नोरा के अंदर बचपन से ही डांस का जुनून था। नोरा घर में पेरेंट्स से छिपकर बंद कमरे में डांस किया करती थीं। एक दिन नोरा की मां ने उन्हें डांस करते हुए देख लिया।

नोरा का डांस करना उन्हें इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने नोरा की खूब पिटाई की। पेरेंट्स के विरोध के बावजूद नोरा ने डांस करना नहीं छोड़ा। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत आने का फैसला कर लिया।

5 हजार रुपए लेकर भारत आई थीं आज से करीब 10 साल पहले नोरा कनाडा से महज 5 हजार रुपए लेकर भारत आई थीं। मैशेबल इंडिया से बातचीत के दौरान नोरा ने शुरुआती स्ट्रगल के बारे में बताया था।

एक समय था जब थैरेपी की जरूरत थी नोरा से इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि मुंबई में घर का किराया कैसे भरती थीं तो उन्होंने कहा, तब जिस एजेंसी के लिए मैं काम करती थी वो हमारे अपार्टमेंट का किराया देती थी और अपना कमीशन काट लेती थी। इसके बाद मेरे पास बेहद कम पैसे बचते थे। मैंने कई दिन एक अंडा, ब्रेड खाकर और दूध पीकर गुजारे हैं। कुछ एजेंसीज आपको बेहद परेशान करती हैं। हमारे पास इन सब चीजों के लिए कोई रूल और रेगुलेशन नहीं है। मेरे लिए तब बेहद बुरा वक्त था और मैं सीरियसली कहूं तो मुझे उस समय थैरेपी की जरूरत पड़ गई थी।

अपने स्ट्रगलिंग फेज के बारे में 2019 में नोरा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन दिनों जिस एजेंसी के लिए उन्होंने काम किया वो उन्हें हफ्ते के बस तीन हजार रुपए देती थी। इतने कम पैसों में हर दिन का खर्चा चलाना उनके लिए बेहद मुश्किल हो जाता था।

एजेंसी ने ठगे 20 लाख रुपए बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बनाने से पहले नोरा के साथ ठगी हुई थी। नोरा ने पिंकविला के साथ बातचीत में कहा, भारत में विदेशियों के लिए जीवन बहुत कठिन है। हम बहुत कुछ करते हैं और लोग इसके बारे में ठीक से जानते भी नहीं हैं। वे हमारे पैसे ले लेते हैं। यह मेरे साथ भी हुआ है, मुझे अपनी पहली एजेंसी याद है, जो मुझे कनाडा से आने के बाद यहां मिली थी।

निक जोनस से शादी को लेकर संशय में थीं प्रियंका

बोलीं- लाइफ में बहुत धोखे मिले, इसलिए एक ईमानदार शख्स चाहिए था

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों मुंबई में अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल होने पहुंची हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने निक जोनस के साथ अपनी शादी और पुराने रिलेशनशिप को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जिंदगी में एक ऐसे शख्स की तलाश थी, जिसमें ईमानदारी हो।

हार्पर बाजार के साथ बातचीत के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने कहा, शुरुआत में मुझे निक से शादी करने पर संदेह था। मुझे ऐसा लड़का चाहिए था, जो परिवार बनाना चाहता हो। निक उस समय 25 साल के थे और मैं 35 साल की थी। मैंने सोचा था कि शायद वह इस बारे में अभी नहीं सोचते होंगे। प्रियंका ने कहा, मुझे अपने पति में पांच गुण चाहिए थे। इनमें से सबसे जरूरी ईमानदारी थी, क्योंकि मेरे पिछले रिश्तों में मुझे कभी-कभी बेईमानी से दुख हुआ था। दूसरा, वह परिवार के महत्व को समझे। तीसरा, अपने प्रोफेशन को वह बहुत गंभीरता से ले, क्योंकि मैं अपने काम को बहुत गंभीरता से लेती हूं। चौथा, मैं चाहती थी कि वह क्रिएटिव हो और मेरे साथ बड़े-बड़े सपने देखे। और पांचवां, मुझे किसी ऐसे इंसान की जरूरत थी, जिसमें मेरा जैसा ही जज्बा हो। अगर निक में इनमें से कोई भी गुण नहीं होते, तो मैं उनसे शादी नहीं करती।

2018 में की थी दोनों ने शादी

प्रियंका ने निक से 1 दिसबंर 2018 को शादी की थी। दोनों ने क्रिश्चियन और हिंदू रीति रिवाज से भारत में शादी की थी। इसके बाद साल 2022 में दोनों ने सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि वे सरोगेसी के जरिए पेरेंट्स बन गए हैं।

रश्मिका मंदाना ने विजय देवरकोंडा का किया बचाव!

लोगों से की दयालु बनने की अपील; एक्ट्रेस की मदद न करने पर ट्रोल हुए थे एक्टर

रश्मिका मंदाना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने सभी से दयालु बनने की अपील की। एक्ट्रेस की इस पोस्ट से फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उन्होंने यह पोस्ट अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के बचाव में की है। दरअसल, रश्मिका और विजय का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उनकी मदद न करने के कारण एक्टर को ट्रोल किया गया था।

अपने इंस्टाग्राम पर रश्मिका मंदाना ने बुधवार को दो तस्वीरें शेयर कीं। इनमें एक्ट्रेस ने एक सफेद रंग की टी-शर्ट पहनी है, जिस पर काइंडफुल लिखा हुआ है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आजकल दयालुता को कम समझा जाता है। मैं दयालुता और इससे जुड़ी हर चीज को अपनाती हूं। आइए हम सब एक-दूसरे के प्रति दयालु बनें।'

एक्ट्रेस की मदद ना करने पर हुए थे ट्रोल

विजय और रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे दोनों कहीं से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे थे। इस दौरान रश्मिका वॉकर के सहारे चल रही थीं, जबकि विजय बिना उनकी मदद किए सीधे आगे बढ़े और अपनी कार में जाकर बैठ गए।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिये,
तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से पहला वनडे हराया

शुभमन ने 87 रन बनाए, अक्षर-श्रेयस की फिफ्टी

बढ़ता राजस्थान

नागपुर (एजेंसी)। भारत ने इंग्लैंड को पहला वनडे 4 विकेट से हरा दिया है। नागपुर के वीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी, टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले।

भारत को 2025 में मिलेगी एस-400 की चौथी स्क्वाड्रन

रूस से 5 की डील, 3 मिल चुके; 400 किमी तक रेंज, 80% टारगेट सटीक रहते

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत को एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का चौथा स्क्वाड्रन साल 2025 के अंत तक मिल सकता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर तक एस-400 स्क्वाड्रन भारत आ जाए। वहीं पांचवां और अंतिम स्क्वाड्रन 2026 में मिलने की उम्मीद है। भारत और रूस के बीच 2018 में एस-400 के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35 हजार करोड़ की डील फाइनल हुई थी। इसमें से 3 स्क्वाड्रन चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। 2 का आना बाकी है। एस-400 स्क्वाड्रन में 16 व्हीकल शामिल होते हैं, जिनमें लॉन्चर, रडार, कंट्रोल सेंटर और सहायक वाहन शामिल हैं। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है और टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

भारतीय सेना ने जुलाई 2024 में मिसाइल की प्रैक्टिस की थी, 80% टारगेट सटीक रहे इंडियन एयरफोर्स ने जुलाई 2024 में एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की वॉर प्रैक्टिस की थी। जिसमें एस-400 ने दुश्मन के 80% लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इस दौरान सेना के बाकी फाइटर प्लेन पीछे हटने पर मजबूर हो गए और उन्हें मिशन अबॉर्ट करना पड़ा।

एसएमएस की इमरजेंसी विस्तार का काम थमा

तोड़फोड़ में निकले स्क्रैप की नीलामी नहीं होने के कारण काम बंद

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में करीब महीने पहले शुरू हुआ इमरजेंसी के विस्तार का काम रुक गया। पिछले 10-15 दिन से काम बंद पड़ा है और उसके पीछे कारण वहां हुई तोड़फोड़ में निकला स्क्रैप (कबाड़ का सामान) की नीलामी न होना है। इस कारण न केवल काम बंद है बल्कि इससे प्रोजेक्ट की लागत के बढ़ने की आशंका है।

एसएमएस की मैन बिल्डिंग में बनी इमरजेंसी के पास पिछले साल नवंबर में तोड़फोड़ करके इमरजेंसी के विस्तार के लिए बनाए प्रोजेक्ट का काम शुरू किया गया। इस प्रोजेक्ट पर करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसमें 70 बैड की व्यवस्था की जाएगी। विस्तार के बाद इसी जगह पर जनरल और आईसीयू वार्ड बनाकर सेंट्रल लैब बनाने की योजना प्रस्तावित है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के ब्लड सैंपल की जांच भी यहीं हो सके।

लेकिन काम शुरू होने के दो महीने बाद ही ये बंद हो गया। इसके पीछे कारण यहां बनी दुकान और गुमटियों को तोड़ने के बाद निकला स्क्रैप है।

बीजेपी विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा

मेरा तो सवाल ही बदल दिया : कालीचरण सर्राफ

गहलोत राज के जिले खत्म करने पर विधानसभा में हंगामा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने विधानसभा में एक बार फिर अपनी ही सरकार को घेरा। एसीबी के मामलों में केस चलाने की मंजूरी देने से जुड़े सवाल के जवाब पर तंज कसा। सराफ ने कहा- मैंने पूछा क्या था और जवाब क्या दिया है। सवाल ही बदल दिया। इस पर मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा- हमने सवाल का पिन पॉइंट जवाब दिया है। 1 जनवरी 2021 से 2022 तक एसीबी में 1592 केस दर्ज हुए, उनमें से 1189 में केस चलाने की मंजूरी दे दी, जबकि 403 पेंडिंग है। सराफ ने पूरक सवाल में कहा- सतर्कता आयुक्त ने तीन महीने में एसीबी के मामलों में केस चलाने की मंजूरी देने का प्रावधान है, फिर भी भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी नहीं दी जा रही। अफसर आपस में मिल जाते हैं। सराफ ने कहा- मोदी जी का कहना है ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा। भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस के आधार पर सरकार चल रही है तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि जितने केस पेंडिंग हैं, उनके बारे में एक कैबिनेट सब कमेटी बनाने पर विचार करना चाहिए।

केवल पूरक सवाल के जवाब देने की व्यवस्था पर भी हंगामा

इससे पहले विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्रियों के लिखित जवाब पढ़ने की जगह केवल पूरक सवाल के जवाब देने की व्यवस्था पर भी हंगामा हो गया। अध्यक्ष के फैसले पर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने ही सवाल उठा दिया तो नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति करते हुए कहा कि मंत्री ही अध्यक्ष की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। इस पर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। स्पीकर ने भी मंत्रियों पर नाराजगी जताई।

कांग्रेस विधायक भाकर बोले- बीजेपी को सींचने वाले ही आज खिलाफ हैं

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने कहा- हम जब छोटे थे तो सुनते थे कि राजस्थान में बीजेपी को सींचने वाले लोगों में किरोड़ी लाल मीणा, वसुंधरा राजे, देवी सिंह भाटी जैसे लोग हैं। ये भारतीय जनता पार्टी को सींचने वाले लोग हैं। आज ये ही खिलाफ क्यों हैं, इसका जवाब तो दीजिए। भाकर ने कहा- मुख्यमंत्री के नजदीकी मंत्री बैठे हैं। सीएम से लगाव रखने वालों से कहना चाहता हूं कि ग्राउंड पर जाकर देखो, लोग आपके बारे में क्या सोच रहे हैं? जब सरकार बनी तब पेपर लीक, ईआरसीपी को लेकर कई वादे किए गए। इन्होंने कहा हम पेपर लीक में मगरमच्छ पकड़कर युवाओं को न्याय देंगे।

कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर के आरोप पर विधानसभा में हंगामा

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर के आरोप पर जमकर हंगामा हुआ। मुकेश भाकर ने मारवाड़ और शेखावाटी में जातिगत आधार पर टारगेट करके तबादले करने का आरोप लगाया। इस पर सत्ता पक्ष ने कड़ा ऐतराज जताया। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि जातिगत आधार पर लोगों को बांटने की कांग्रेस की फितरत रही है। इस पर जमकर नोंक-झोंक हुई।

जिले खत्म करने के मुद्दे पर कांग्रेस ने किया हंगामा

इससे पहले गहलोत राज के जिले खत्म करने के मुद्दे पर कांग्रेस ने शून्यकाल के दौरान जमकर हंगामा किया। कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी और रामकेश मीणा के मामला उठाने के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाए।

कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 12 बजकर 36 मिनट पर सदन की कार्यवाही को 2 बजे तक स्थगित कर दिया। कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी और रामकेश मीणा ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए मामला उठाते हुए नीमकाथाना और गंगापुर सिटी जिलों को खत्म करने पर सवाल उठाए।

सुरेश मोदी ने कहा- पिक एंड चूज की नीति के आधार पर जिले खत्म किए गए। जिलों के रिव्यू के लिए बनी पंवार कमेटी ने सब जिलों का दौरा किया, लेकिन वह कमेटी नीमकाथाना नहीं आई। वे पूर्वाग्रह से ग्रसित थे। सरकार से उसके आदेश थे। कोई मापदंड अपनाने की जगह राजनीतिक आधार पर जिले खत्म किए गए। उधर, खराब सड़कों का मामला उठा तो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- पिछली सरकार से हमें विरासत में सड़कें नहीं, गड्ढे मिले हैं। जरूरत के हिसाब से सड़कों को ठीक कराया जा रहा है। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने एसीबी के मामलों में केस चलाने की मंजूरी देने से जुड़े सवाल के जवाब पर तंज कसा।

राजस्थान में शीतलहर का येलो अलर्ट

बारिश के बाद 7 डिग्री तक गिरा तापमान

सीकर, चूरू, झुंझुनूं, नागौर में और बढ़ेगी ठंड

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में पिछले दिनों हुई बारिश से सर्दी बढ़ गई है। सीकर, चित्तौड़गढ़, जयपुर, उदयपुर समेत कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सबसे ज्यादा सर्दी सीकर के पास फतेहपुर में रही। मौसम विशेषज्ञों ने अगले 24 से 48 घंटे के दौरान सर्दी और बढ़ने की संभावना जताई है।

साथ ही, शेखावाटी (सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर) के एरिया में गुरुवार को कोल्ड-वेव चलने का भी येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में राजस्थान के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। दौसा, फतेहपुर, सीकर, चूरू, करौली, जालोर, सिरोही, हनुमानगढ़ समेत कुछ शहरों में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा सर्दी कल फतेहपुर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

शेखावाटी में ठिठुरन बढ़ी

चूरू, सीकर, झुंझुनूं के अलावा जयपुर, अलवर, हनुमानगढ़ के एरिया में कल शाम होने के साथ ही हल्की सर्द हवा चलने लगी। इससे इन शहरों में ठिठुरन बढ़ गई।

इन शहरों में बुधवार के दिन में भी हल्की सर्दी रही। जयपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 24.9, पिलानी (झुंझुनूं) में 24.7,

सीकर में 23, हनुमानगढ़ में 22.6 और करौली में 23.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ।

बुधवार को सबसे अधिक तापमान बाड़मेर जिले में 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। डूंगरपुर में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस, जालोर में 27.1, जैसलमेर-जोधपुर में 26.4, चित्तौड़गढ़ में 26.6, उदयपुर में 24.3, कोटा में 25.5 और अजमेर में 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

इन जिलों में कोल्ड-वेव का अलर्ट

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने गुरुवार को सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर जिलों में कोल्ड-वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही, इन शहरों के अलावा अलवर, जयपुर, दौसा के एरिया में भी सुबह-शाम सर्द हवा चलने की संभावना जताई गई है।

9 फरवरी तक प्रदेश में मौसम ड्राय रहेगा और दिन में तेज धूप रहेगी। अगले 24 घंटे के दौरान शेखावाटी के एरिया में तापमान गिरने से सर्दी और बढ़ सकती है।

मिल्कीपुर उपचुनाव : अखिलेश यादव बोले- चुनाव आयोग मर चुका

बढ़ता राजस्थान

उत्तर प्रदेश (एजेंसी)। मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे, इससे पहले सियासत तेज है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सांसदों के साथ गुरुवार को संसद के बाहर प्रदर्शन किया। सांसदों ने एक कफन हाथ में ले रखा था, जिस पर चुनाव आयोग लिखा था।

अखिलेश यादव ने कहा- यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा भेंट करना पड़ेगा। कल सुबह से मैंने और पार्टी ने 500 शिकायतें की थीं, लेकिन एक्शन नहीं हुआ। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर नगीना से

सफेद कपड़ा भेंट करना पड़ेगा; रवि किशन का पलटवार- कफन लाए, लकड़ी भी ले आते

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी सवाल उठाए। कहा- भाजपा ने वहां लोकतंत्र का गला घोंटा। भाजपा सांसद रवि किशन ने अखिलेश के बयान पर पलटवार किया। कहा- ये लोग इम्मैच्योर (अपरिपक्व) बातें क्यों करते हैं? 6 महीने पहले जब ये 42 सीटें जीते थे, तब चुनाव आयोग हिमालय पर था, अद्भुत था और आज वह मरा गया। ये लोग सदन में कफन लेकर आ रहे हैं।

आरएसएस अपना विचार थोपना चाहती है : राहुल

इनका इरादा राज्यों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करना, देश इसे स्वीकार नहीं करेगा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए मसौदा नियमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभर में आरएसएस का एजेंडा चलाना चाहती है। वे एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपना चाहते हैं। राहुल ने कहा, आरएसएस का मकसद देश की अलग-अलग संस्कृतियों और इतिहासों को खत्म करना है। वे संविधान पर हमला करके अपने विचार को थोपना चाहते हैं।

संविदा भर्ती घोटाले का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

ब्रज यूनिवर्सिटी के गेट पर छात्रा बेहोश; कुलपति को हटाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर। महाराज सूरजमल ब्रज यूनिवर्सिटी (डीग) में एक बार फिर संविदा भर्ती को लेकर हंगामा हो गया। संविदा भर्ती में घोटाले का आरोप लगाते हुए गुरुवार दोपहर एबीवीपी के छात्र यूनिवर्सिटी के गेट पर पहुंच गए और कुलपति रमेश चंद्रा को हटाने की मांग करने लगे। दोपहर 1 बजे पुलिस ने छात्रों पर लाठियां बरसाकर खदेड़ दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की में एक छात्रा बेहोश हो गई।

ब्रज यूनिवर्सिटी के इकाई अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने नेतृत्व में छात्र व एबीवीपी कार्यकर्ता गेट पर विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी कर रहे थे। ये कार्यकर्ता-छात्र ब्रज यूनिवर्सिटी के कुलपति को हटाने की मांग कर रहे थे। यूनिवर्सिटी के गेट पर काफी संख्या में जुटे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और कुलपति को हटाने की मांग की।

इस दौरान कुम्हेर थाने के से पहुंची पुलिसकर्मियों की टीम ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और खदेड़ दिया। धक्का-मुक्की के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ता छवि शर्मा बेहोश होकर गिर पड़ीं। इस मामले में कुम्हेर थाना इंचार्ज जितेंद्र चौधरी को शाम 6.12 बजे फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। महाराजा सूरजमल ब्रज यूनिवर्सिटी के इकाई अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने बताया- यूनिवर्सिटी में संविदा भर्ती में घोटाला हुआ है। कुलपति रमेश चंद्रा ने परिचितों को संविदा भर्ती में लगा लिया और लोकल

लोगों की अनदेखी कर दी। तीन महीने पहले विधानसभा में वैर विधायक बहादुर सिंह कोली और डीग-कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह यह मामला उठा चुके हैं।

दोनों विधायकों ने विधानसभा में कहा था कि यूनिवर्सिटी में संविदा भर्ती में घोटाला हुआ है। विधायकों की मांग पर शिक्षा विभाग ने जांच बैठाई थी। आदेश दिए थे कि जब तक जांच चले तब तक यूनिवर्सिटी के कुलपति रमेश चंद्रा को उनके पद से हटाया जाए। लेकिन उन्हें पद से नहीं हटाया गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com